दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 129 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार, 14 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष दशमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# प्रधानमंत्री ने की किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी

# प्रदेश के कृषि बजट में ऐतिहासिक 34 प्रतिशत की वृद्धि, हमारी सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी : मुख्यमंत्री शर्मा

## प्रदेश में किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 1 हजार 355 करोड़ रु से अधिक की राशि हस्तान्तरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान देश की आत्मा है। इनके सम्मान में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों किसान परिवारों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त हस्तान्तरित की है। इनमें राजस्थान के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसान शामिल हैं, जिन्हें 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दुर्गापुरा के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान से वीसी के जरिए प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में जुड़े और उनका संबोधन भी सुना। इसी कड़ी में श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि किसान हमेशा से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता में हैं। गत वर्षों में उनके नेतृत्व में किसान संबंधी नीति में नई सोच आई है। अब किसान को देश की ताकत माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दृढ़ संकल्प है कि भारत का किसान समृद्ध बने। इस दिशा में अनेक योजनाएं बनाई गई हैं, जिनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रमुख है।

### फसल बीमा योजना में 6 हजार 473 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम वितरित-

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है, जिसके तहत पात्र किसानों को हर साल राज्य सरकार की ओर से 3 हजार रुपये की अतिरिक्त सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस सम्मान निधि की राशि को चरणबद्ध रूप से 12 हजार रुपये तक बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। फसल बीमा योजना में खराबे पर पूर्ववर्ती सरकार से ज्यादा मुआवजा दिया जा रहा है। इस योजना में अब तक 6 हजार 473 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम राज्य में वितरित किए जा चुके हैं।



### ‘सहकार से समृद्धि’ की पहल में राजस्थान अग्रणी-

मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘सहकार से समृद्धि’ की पहलों को प्रभावी रूप से लागू करने में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य है। इसी क्रम में अन्न भंडारण योजना के तहत राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण पूरा हो चुका है। वर्ष 2026-27 के बजट में भी 500 मीट्रिक टन क्षमता के 50 गोदामों के निर्माण का प्रावधान किया गया है। वहीं, 250 और 100 मीट्रिक टन क्षमता के नए गोदामों के निर्माण तथा पुराने गोदामों के नवीनीकरण से भंडारण क्षमता में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

### किसानों को मिला 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याजमुक्त अल्पकालीन फसली ऋण-

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गेहूं के समर्थन मूल्य खरीद पर 150 रुपये के अतिरिक्त बोनस का प्रावधान है। अब तक 78 लाख से अधिक किसानों को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के ब्याजमुक्त अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। राजस्थान के 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है। हमारी सरकार ने बिजली बिलों पर 50 हजार 833 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है और 2 लाख से अधिक नए कृषि कनेक्शन जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि 35 लाख किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के अल्पकालीन ऋण वितरित किए जाएंगे। इसके लिए 800 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान दिया जाएगा।

### वर्ष 2026-27 में कृषि बजट 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये-

श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने कृषकों के कल्याण को ध्यान में रखकर गत सरकार के अंतिम वर्ष 2023-24 के मुकाबले ऐतिहासिक 34 प्रतिशत की वृद्धि करके वर्ष 2026-27 में कृषि बजट 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये रखा है। वहीं, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अब तक 16 लाख से अधिक पशुओं की निशुल्क बीमा पॉलिसी जारी की गई है और पॉलिसी धारकों को लगातार क्लेम वितरण किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 536 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन गांवों में सेवा दे रहे हैं। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में पशुपालकों को 1 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध हो रहा है। इस योजना में अब तक 682 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

## 10ग्राम सोना 1,904 गिरकर 1.58 लाख का हुआ

### 1 किग्रा चांदी 7,813 सस्ती होकर 2.60 लाख पर आई, ईरान जंग का असर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में 13 मार्च को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,904 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 7,813 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी। ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी: सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। खरीदारी की मात्रा : दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40त्न) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। इससे मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन: हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## राज्यसभा में गूंजा हिमाचल की आपदा का मामला

### रजनी पाटिल बोली- पीएम ने 1500 करोड़ देने की घोषणा की थी, 15 भी नहीं दिए

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते साल की प्राकृतिक आपदा का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा। महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि दो साल में आपदा से हिमाचल में भारी नुकसान हुआ। कुल्लू-मनाली में सड़कें-रास्ते बह गए। आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल का दौरा किया और 1500 करोड़ रुपए का स्पेशल राहत पैकेज देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज तक 15 रुपए भी नहीं दिए गए। हिमाचल में भी आपदा राहत राशि को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस बार-बार केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधती रही है। रजनी पाटिल द्वारा राज्यसभा में मामला उठाए जाने के बाद यह मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक और संवैधानिक बहस का मुद्दा बन गया है, क्योंकि 2023 और 2025 में राज्य में सदी की सबसे भीषण तबाही मानसून के दौरान हुई है।

### बीते साल 9 सितंबर को हिमाचल आए थे पीएम मोदी

बता दें कि बीते साल भारी बारिश से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को स्वयं धर्मशाला पहुंचे। यहां पर प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने उन्हें नुकसान की प्रेजेंटेशन दी और बाढ़, बादल फटने से हुई तबाही से अवगत कराया।

इसके बाद पीएम ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए के विशेष आपदा राहत पैकेज की घोषणा की। मगर छह महीने बाद भी यह राशि राज्य को जारी नहीं की गई है।

## मौसम : राजस्थान में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

### बाड़मेर में तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा; बादल छाने से कई शहरों में पारा 4 डिग्री तक गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए। इससे तापमान में गिरावट हुई। चूरू, अलवर, कोटा, पिलानी समेत कई शहरों में पारा में 2 से 4 डिग्री तक नीचे आ गया। शेखावाटी अंचल में अधिकतम तापमान 35 डिग्री से भी नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मार्च को 5 जिलों में बादल छाने के साथ धूलभरी हवा चलने और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 मार्च को 18 जिलों में अलर्ट आंधी-बारिश का अलर्ट है।

### बाड़मेर में पारा 39.6 डिग्री दर्ज

बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, नागौर और अलवर समेत आसपास के एरिया में शुक्रवार को दोपहर बाद बादल छाए। चूरू, सीकर, झुंझुनूं समेत कई शहरों में तापमान में गिरावट हुई। यहां



अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 39 .6 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 38 .1 डिग्री, पाली में 38 .2 डिग्री, कोटा-चित्तौड़गढ़ में 37 .6 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 37 .2 डिग्री, भीलवाड़ा-अजमेर में 36 डिग्री, उदयपुर-जैसलमेर में 36 .4 डिग्री, बारां-जालोर में 36 .5 डिग्री, प्रतापगढ़ में 36 .3 डिग्री, सिरोही में 35 .6 डिग्री और बीकानेर में 35 डिग्री दर्ज हुआ।

## पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

### सीजेआई बोले- कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा- ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव



को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है।

### पेड मेंस्ट्रुअल लीव पर सीजेआई के कमेंट्स

मान लीजिए आप पूरे प्राइवेट सेक्टर को महीने में एक बार छुट्टी लेने का अधिकार देते हैं तो यह उनके विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको वर्क प्लेस पर बनने वाली मानसिकता का अंदाजा नहीं है। इस पर कानून बना तो महिलाओं के करियर को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाएगा। कोई भी उन्हें जिम्मेदारियां नहीं देगा, यहां तक कि ज्यूडीशियल सर्विस में भी, उन्हें सामान्य मुकदमे नहीं सौंपे जाएंगे। हम निर्देश देते हैं कि सक्षम प्राधिकारी सुप्रीम कोर्ट के24 फरवरी 2023 और 8 जुलाई 2024 के आदेशों के जरिए दिए गए निर्देशों पर विचार करे और एक नीति तैयार करे।

### मेंस्ट्रुअल लीव का मुद्दा तीसरी बार कोर्ट लेकर पहुंचा याचिकाकर्ता

पेड मेंस्ट्रुअल लीव की याचिका लेकर शैलेंद्र मणि तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। पहली याचिका का निपटारा फरवरी 2023 में किया गया था, जिसमें याचिकाकर्ता को केंद्रीय महिला एवं बाल मंत्रालय के समक्ष अपना पक्ष रखने की अनुमति दी गई थी। 2024 में याचिकाकर्ता ने फिर कोर्ट में याचिका लगाई और कहा कि मंत्रालय ने उनके पक्ष में दिए गए जवाब पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उस याचिका का निपटारा जुलाई 2024 में किया गया था, जिसमें केंद्र सरकार से नीतिगत निर्णय लेने को कहा गया था।

### नई याचिका की मांगें...

भारत सरकार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसे कानून/नीतियां/सरकारी आदेश लाने का निर्देश देना जो मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को होने वाली पीड़ा (डिसमेनोरिया, एंडोमेट्रियोसिस, गर्भाशय फाइब्रॉइड, एडिनोमायोसिस, पेल्विक इन्फ्लेमेटरी डिजीज) से संबंधित समस्याओं को मान्यता देते हों और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के अनुरूप छुट्टी देने समेत सभी जरूरी राहतें देते हों।



## जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किए गैस एजेन्सियों के औचक निरीक्षण

# जिलेभर में अधिकारियों ने एक साथ निरीक्षण किए

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** जिलेभर की गैस एजेन्सियों का शुक्रवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार निरीक्षण किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा के द्वारा अजमेर शहर की गैस एजेन्सियों के निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इनके साथ जिला रसद अधिकारी मोनिका जाखड़ भी थी।

जिला कलक्टर लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने वैशाली नगर एवं कोटड़ा



क्षेत्र की गैस एजेन्सियों के औचक निरीक्षण किए। वहां उपस्थित उपभोक्ताओं के साथ वार्तालाप किया। एसकेएम एप्लाईन्सेज एचपी, वर्धमान इण्डेन तथा अजेय भारत गैस के निरीक्षण के दौरान स्टॉक की जांच की गई। गैस एजेन्सी के संचालकों को समय पर सिलेण्डर की होम डिलीवरी करने के निर्देश दिए गए। गैस सिलेण्डर बुक करवाने से पूर्व समस्त उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी आवश्यक रूप से करवाने के लिए पाबन्द किया गया।

उन्होंने कहा कि गैस सिलेण्डर बुक कराने में किसी उपभोक्ता को समस्या आने पर अन्य वैकल्पिक तरीके उपयोग में लिए जाएं। गैस एजेन्सी संचालक उपभोक्ताओं का पूर्ण सहयोग करेंगे। गैस सिलेण्डर की डिलीवरी शत प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से होनी चाहिए। अतिआवश्यक स्थिति में मौके पर भी सिलेण्डर उपलब्ध रहे। अनायास सिलेण्डर लेने वाले उपभोक्ताओं पर विशेष निगाह रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जिलेभर की समस्त गैस एजेन्सियों का निरीक्षण किया गया। उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र की गैस एजेन्सियों का निरीक्षण कर उपलब्ध स्टॉक तथा सामान्य वितरण के बारे में जानकारी ली। व्यावसायिक सिलेण्डरों के संबंध में भी सरकार के निर्देशों की पालना सुनिश्चित की गई। जिले में गैस सिलेण्डर की अवैध जमाखोरी, कालाबाजारी एवं रिफीलिंग को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। गैस की उपलब्धता के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत एवं अवैध गतिविधियों की सूचना के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 01452628932 पर सम्पर्क किया जा सकता है। नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को पाबन्द किया गया है।

## राजस्थान दिवस पर 3 दिवसीय 'विजयदान देथा साहित्य उत्सव' मेंअजमेर से खंडेलवाल व चौरसिया होंगे प्रतिभागी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अंतर्गत राजस्थान साहित्य अकादमी परिसर में 17 से 19 मार्च तक तीन दिवसीय 'विजयदान देथा साहित्य उत्सव' आयोजित किया जाएगा। अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी ने बताया कि उत्सव का उद्घाटन 17 मार्च को होगा, जिसमें राज्य और देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि मनोज कुमार (राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बसंत सिंह सोलंकी करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री चंद्रप्रकाश देवेल उपस्थित रहेंगे।

तीन दिवसीय इस साहित्य उत्सव में साहित्य, संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। देशभर से आए साहित्यकार एवं विद्वान अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर अजमेर से साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मधु खंडेलवाल 'मधुर' तथा उमेश कुमार चौरसिया भी विशेष रूप से सहभागिता करेंगे और साहित्यिक विमर्श में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उत्सव के अंतर्गत साहित्यिक गोष्ठियाँ, संवाद सत्र, पुस्तक प्रदर्शन तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रदेशभर के साहित्यप्रेमियों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

## हलवाई के गोदाम में मिला घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का जखीरा



**बाड़ी।** जिला खाद्य एवं रसद विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर के बसेड़ी रोड स्थित मथुरा पैलेस के सामने एक मिष्ठान गोदाम पर कार्रवाही की है। जहां से घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के 79 सेरेंडरों को जप्त किया है। इन सिलेंडरों में 42 सिलेंडर भरे हुए पाए गए हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया गया है और सभी सिलेंडरों को जप्त कर जिला कलेक्टर को मामले की रिपोर्ट दी है।

रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक गजेंद्र बाबू शर्मा और जगदीश शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर पूरे जिले में सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें खाड़ी युद्ध के चलते पैदा हुए घरेलू और व्यावसायिक गैस के संकट पर उपभोक्ताओं को राहत मिले और उन्हें होम डिलीवरी की जा सके। इसको लेकर कालाबाजारियों के खिलाफ कार्रवाही की जा रही है।

जरिए मुखबिर सूचना मिली की बाड़ी शहर के मथुरा पैलेस के पास गली में स्थित एक गोदाम में घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों का जखीरा रखा हुआ है। उक्त सूचना के पुख्ता होने पर टीम ने मौके पर जाकर कार्रवाई की है। उक्त गोदाम विजय सिंघल का है जो डेयरी संचालक है और मिष्ठान के साथ कैटरिंग का काम करता है। उक्त गोदाम पर टीम ने घरेलू और व्यावसायिक श्रेणी के 79 सिलेंडरों को जप्त किया है। जिनमें 24 सिलेंडर घरेलू हैं। 27 सिलेंडर व्यावसायिक हैं। इसके अलावा 5 किलो वजन वाले लाल सिलेंडर 09 और 19 सिलेंडर नीले है। कुल 79 सिलेंडरों में से 42 सिलेंडर भरे हुए और 37 सिलेंडर खाली पाए गए है। ऐसे में विजय कैटर्स के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की है। मौके पर गोदाम संचालक नहीं मिला है।

रसद विभाग के ईआई जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि शहर में एक और कार्रवाई स्काइजा होटल में की है।जहां दो घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग पाया गया है। दोनों सिलेंडरों को जप्त किया है।

### एसपी रतन सिंह के निर्देशन में कार्रवाई

# पुलिस की मुस्तैदी से टली सनसनीखेज वारदात

### सिद्धार्थ पंडित व मोंटी कंडारा की हत्या की साजिश नाकामचार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर में बड़ी आपराधिक वारदात को समय रहते रोकते हुए ब्यावर सदर थाना पुलिस ने सिद्धार्थ पंडित व मोंटी कंडारा की हत्या की साजिश रच रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के सुपरविजन में थानाधिकारी गजराज सिंह के नेतृत्व में की गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कृतिका रोड लाइंस कार्यालय पर दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही मुख्य आरोपी मोहम्मद अजरूदीन उर्फ अज्जू, पवन सिंह व हमीद अपने साथियों के साथ अलग-अलग वाहनों में फरार हो गए। मौके पर मौजूद यश शर्मा उर्फ बल्ला, अमीन काठात, भीमा काठात और हेमंत पारेता को पुलिस ने पकड़कर हिरासत में लिया आरोपियों के पास से लोहे के पाइप, सरिए, लकड़ी के डंडे और एक चाकू बरामद किया गया। वहीं पूछताछ के दौरान शूटर हेमंत पारेता की निशानदेही पर एक अवैध पिस्टल भी बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक कार भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी यश शर्मा उर्फ बल्ला के खिलाफ डकैती, हत्या के प्रयास व अवैध हथियार सहित छह मामले दर्ज हैं, जबकि हेमंत पारेता के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास व अवैध हथियार के तीन प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।






### पुरानी रंजिश के चलते रची थी साजिश

पूछताछ में सामने आया कि सिद्धार्थ पंडित और आरोपियों के बीच लंबे समय से आपसी दुश्मनी चल रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने पहले जोधपुर जाकर सिद्धार्थ पंडित और उसके साथी मोंटी कंडारा की हत्या करने की योजना बनाई थी। इसके लिए सभी आरोपी 11 मार्च को कई वाहनों में सवार होकर जोधपुर पहुंचे और होटल में बैठकर हत्या की पूरी साजिश रची, जिसमें फायरिंग की जिम्मेदारी यश शर्मा और हेमंत पारेता को दी गई थी। हालांकि मुखबिरी के कारण उन्हें मौका नहीं मिला और वे वापस ब्यावर लौट आए।

## झुंझुनू के इमरान राइन मंडेलिया बने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए झुंझुनू निवासी इमरान राइन मंडेलिया को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार की गई है।

इस अवसर पर इमरान राइन मंडेलिया ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी,कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास



करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यक समाज की आवाज़ को मज़बूती से संगठन और सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से झुंझुनू ज़िले सहित प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इमरान राइन मंडेलिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## खाड़ी युद्ध से घरेलू गैस पर संकट, गोदाम पर लोगो की भीड़




### जिला प्रशासन के निर्देश होम डिलेवरी से ही मिलेगी सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** खाड़ी युद्ध का असर पेट्रोलियम सप्लाई और घरेलू गैस पर देखा जा रहा है जो बढ़े शहरों से लेकर अब छोटे कस्बों तक पहुच गया है। हालांकि जिला प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं को दुरस्त करने में लगा है लेकिन उनका असर अभी पब्लिक में दिखाई नही दे रहा है।

शुक्रवार को सुबह से शहर के बसेड़ी रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर डिलेवरी के लिए सैकड़ो उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो गई। उपभोक्ताओं घरेलू गैस के सिलेंडरों की मांग करते दिखे ऐसे में भीड़ बढ़ने पर एजेंसी संचालक की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस के जाब्ते ने मौके पर पहुंच व्यवस्थाओं को संभाला और भीड़ को रवाना किया।

परशुराम कॉलोनी निवासी युवती आभा शर्मा ने बताया कि हमने सुना था कि 2012 में लाइन लगाकर सिलेंडर मिलते थे। जिसे बाद में मोदी गवर्नमेंट ने खत्म कर दिया लेकिन अब फिर से वही स्थिति देखने को मिल रही है। हमारे घर पर सिलेंडर नहीं है। तीन दिन से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे हालात में व्यवस्था कब सुधरेगी,समझ में नहीं आ रहा। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

शहर के भारद्वाज मार्केट निवासी अनूप सिंह ने बताया कि वह सुबह 7 बजे से एजेंसी पर खड़े हैं। सिलेंडर के लिए मारामारी हो रही है। एजेंसी संचालक ने गेट को बंद कर रखा है। कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे रहा।

वही संत्रास पाड़ा निवासी रामकुमार सोनी ने बताया सिलेंडर पर पैसे भी बढ़ा दिए और सप्लाई भी नहीं मिल रही। सरकार पता नहीं क्या कर रही है। हमने मोदी सरकार को इसलिए चुना था की वह मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति तो करेगी लेकिन अब हालात बिगड़ रहे हैं।

एजेंसी संचालक शंभू दयाल गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एजेंसी संचालकों की बैठक हुई थी। जिसमें कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गोदाम से कोई डिलीवरी नहीं होगी। सीधे उपभोक्ता को होम डिलीवरी की जाएगी। ऐसे में शुक्रवार से होम डिलेवरी की व्यवस्था शुरू कर दी है अभी छह मार्च तक की बुकिंग की सप्लाई दी जा रही है। बुकिंग के लिए नंबर भी जारी किए हैं। कई उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग नहीं होने की शिकायत की है जिसको लेकर एजेंसी संचालक का कहना है की यदि गैस बुकिंग में परेशानी को लेकर सुधार कार्य चल रहा है। जल्द समस्या समाप्त होगी।

### मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना और पुतला दहन

## गैस संकट और महंगाई के विरोध में ब्यावर में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर, रसोई गैस के बढ़ते दाम और गैस आपूर्ति संकट के विरोध में शुक्रवार को ब्यावर के ऐतिहासिक चांग गेट पर कांग्रेस ने बड़ा धरना-प्रदर्शन किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चौधरी ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और आमजन शामिल हुए।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी और कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में कमी से आम परिवारों और छोटे व्यवसायों की रसोई पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील से किसानों और आमजन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा और माणक डाणी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भी महंगाई और गैस किल्लत को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की। कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे धरने के अंत में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया और जिलाध्यक्ष चौधरी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने किया।

## पीएफसी एज्यूकेशन ने किया 19 वें केम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** प्रोफेशनल एजुकेशन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान पीएफसी एज्यूकेशन ने आज अपने 19वें केम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान की डायरेक्टर, विख्यात मेंटर एसीसीए,सीए, सीएस मिनाक्षी भेरवानी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्लेसमेंट मेले ने छात्रों को वैश्विक कॉर्पोरेट जगत से जुड़ने का सीधा अवसर प्रदान किया।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश-विदेश की दिग्गज कंपनियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें ए स ए न व ी प्लेसमेन्ट,केप्सीटेक,एफबीएसपीएल,असेन्डम,आरगेट जैसी बड़ी कंपनियाँ शामिल रहीं। इन संस्थानों ने पीएफसी के विद्यार्थियों की प्रोफेशनल स्किल्स और विषयगत पकड़ की सराहना करते हुए उन्हें आकर्षक पदों के लिए चयनित किया। कई एम्प्लॉयर्स ने फीडबैक देते हुए विशेष रूप से कहा कि पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल्स अत्यंत प्रभावशाली हैं और इस स्तर की कम्युनिकेशन स्किल्स उन्हें उदयपुर में कहीं और देखने को नहीं मिलीं। उन्होंने यह भी सराहा कि पीएफसी एज्यूकेशन केवल तकनीकी ज्ञान पर ही नहीं, बल्कि छात्रों की कम्युनिकेशन, पर्सनैलिटी और प्रोफेशनल स्किल्स के विकास पर भी लगातार काम करता है।

मिनाक्षी भेरवानी ने इस अवसर पर कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें सीधे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार रोजगार के काबिल बनाना है। 19वें सफल प्लेसमेंट के साथ पीएफसी एज्यूकेशन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यहाँ केवल शिक्षा नहीं, बल्कि करियर निर्माण की ठोस बुनियाद रखी जाती है। संस्थान के इस प्रयास से न केवल छात्रों के सपनों को पंख मिले हैं, बल्कि उदयपुर का नाम भी प्रोफेशनल जगत में रोशन हुआ है।

## ले चले हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार तक...केसरी बाना सजाके वीर का श्रृंगार कर

# सुविविः राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 साल पर स्वरांजलि प्रस्तुतियों ने मोहा मन-दी देशभक्ति गीतों ने बाँधा समाँ

### इंदौर के पंडित गौरव काले संग हुई सुरों से साधना

### कुलगुरु बोले...जो देश से जुडा उसके लिए राष्ट्र प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के तत्वावधान में देशभक्ति गीतों से ओतप्रोत 'शताब्दी स्वर-वन्देमातरम्' स्वरांजलि संगीत उत्सव में देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रबंध अध्ययन संकाय



(एफएमएस) सभागार में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में इंदौर के पंडित गौतम काले के नेतृत्व में व संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ पामिल मोदी के साथ समूह के 24 सदस्यों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां से सभी का मन मोह लिया।

स्वरांजलि में गौतम काले ने देशभक्ति, राष्ट्र प्रेम और वंदेमातरम के समकालीन तत्वों के साथ बलिदानियों की भावनाएं और उनके देशभक्ति के जज्बें को शब्दों, सुरों और संगीत के माध्यम से संगीत प्रस्तुतियों को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास राज्यमंत्री प्रो मंजू बाघमार उपस्थित थीं। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो बीपी सारस्वत ने की।

### सांगीतिक प्रस्तुतियों से उठी देशभक्ति की लहर

कार्यक्रम की शुरूआत में पं काले एवं डॉ पामिल मोदी एवं समूह ने मातृ भू की आराधना-वंदना 'वसुंधरा परिवार हमारा' प्रस्तुत किया। इसके बाद ' हमें वीर केशव मिले आप जब से, हमें साधना की नई डगर मिल गई... पेश कर समा बाँध दिया। 'निर्मल पाएँ भावना यही राष्ट्र आराधना ' प्रस्तुति में देश के प्रति बलिदान होने वाले क्रांतिकारियों की देश के प्रति मनोस्थितियों को उजागर किया। 'पूज्य माँ की अर्चना की एक छोटा उपकरण हूँ ' प्रस्तुति में संदेश दिया कि जब समाज को वीर केशव जैसे प्रेरणादायक नेता और मार्गदर्शक मिलते हैं, तब लोगों में देशसेवा, त्याग और अनुशासन की भावना जागृत होती है। उनके विचारों और आदर्शों से प्रभावित होकर लोग अपने जीवन को राष्ट्र के हित में समर्पित करने के लिए प्रेरित होते हैं। वहीं, एक अन्य प्रस्तुति 'मन समर्पित, तन समर्पित और ये जीवन समर्पित, चाहता हूँ मातृभ तुझको अभी कुछ और भी दूँ । गीत एकता, साहस और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। उनके मार्गदर्शन से लोग सही दिशा में आगे बढ़ते हैं और देश व समाज के लिए कुछ करने का संकल्प लेते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 'ले चले हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार तक केसरी बाना सजाये वीर का श्रृंगार कर' प्रस्तुतियां भी पेश की गई जिन्हें सुनकर प्रतिभागियों में देशभक्ति की लहर उठी और भारत माता की जय के नारे लगने लगे।

## भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव बने डॉ शिवदयाल मंगल

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श कुमार गोयल और राजस्थान क्षेत्र के अध्यक्ष राधेश्याम रंगा एवं क्षेत्रीय महासचिव सी ए संदीप बाल्दी ने भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए धौलपुर के बाड़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ शिवदयाल मंगल को राजस्थान क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव के दायित्व पर मनोनीत किया है। डॉ शिवदयाल मंगल विगत 20 वर्षों से भारत



विकास परिषद एवं अन्य सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। पूर्व में उन्होंने बाड़ी शाखा के सचिव,अध्यक्ष,प्रांतीय महासचिव, प्रांतीय अध्यक्ष,एवं क्षेत्रीय सचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी निर्वहन किया है।

### कोटपूतली में नगर परिषद के सामने धरना, मोदी सरकार का पुतला दहन

# गैस की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

## महंगाई व गैस संकट को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी महा विरोध कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कोटपूतली जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय के सामने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और ईंधन तथा एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों, कम आपूर्ति, कालाबाजारी और महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच देश में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने को लेकर केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में ईंधन संकट की स्थिति बनती जा रही है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में केंद्र की मोदी सरकार देश के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम जनता के घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ा है। साथ ही शादी-विवाह और समारोहों के सीजन में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे होटल व्यवसायियों, कैटरिंग संचालकों और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा ने कहा कि देश में पहले से ही महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और खाद्य पदार्थों, सब्जियों, पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि भाजपा ने जनता को सस्ती रसोई गैस देने का वादा किया था और राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट के हालात के कारण खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर भी केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से गैस सिलेंडर की कीमतों पर नियंत्रण कर आम जनता को राहत देने और ईंधन आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस पार्टी आमजन के हित में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि धरना प्रदर्शन को पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा,कांग्रेस नेता संजय यादव, डॉ.आर.सी. यादव, पूर्व चेयरमैन एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, प्रदेश महासचिव अभिलाष मीणा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू रावत,महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रेखा यादव, कुशाल बिदारिया सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया और केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना समाप्त होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय से नगर पालिका तिराहे तक गैस सिलेंडर और भाजपा सरकार के पुतले की शवयात्रा निकालते हुए रैली निकाली। इसके बाद नगर पालिका तिराहे पर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।

# गौ सेवा कर मनाया डॉ. कुणाल शर्मा का जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सांगानेर (महेंद्र कुमार शर्मा)।** सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी श्योपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के पुत्र डॉ. कुणाल शर्मा का जन्मदिन पिंजरापोल गौशाला में गौ सेवा कर मनाया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष गोपाल लाल सैनी के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया और गौ माता की सेवा की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौ माता से प्रार्थना करते हुए डॉ. कुणाल शर्मा के सुखी जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर सभी ने गौ माता से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए डॉ. कुणाल शर्मा के जीवन में निरंतर प्रगति और सफलता की कामना की। कार्यक्रम में मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी आयोजित



## पाचूडाला में महिलाओं को दिलाई जल बचाने की शपथ

**कोटपूतली। बिल्लूराम सैन)।** निकटवर्ती ग्राम पाचूडाला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, जयपुर की 'जल धरा' परियोजना के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संगोष्ठी के दौरान उपस्थित महिलाओं को वीडियो के माध्यम से जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराया गया। साथ ही, कृषि क्षेत्र में भूमि की उर्वरता बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है।कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए 'जल बचत' विषय पर आधारित खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया प्रथम स्थान: विजेता महिला को सम्मानित किया गया।द्वितीय स्थान: उपविजेता को पुरस्कार भेंट किया गया।कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई कि वे न केवल स्वयं पानी बचाएंगी, बल्कि समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगी।

इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर लोकेंद्र सिंह, सीआरपी रेखा बाई यादव, कृपा यादव, अंकित प्रजापत, सूरज शर्मा, करिश्मा शर्मा और पिंकी कुमावत ने अपने विचार व्यक्त किए और ग्रामीणों को जल बचाने के प्रति जागरूक किया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से किया संवाद

# सुझावों पर समाधान का दिया आश्वासन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (महेंद्र कुमार शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए पत्रकार बंधुओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी पत्रकारों से परिचय प्राप्त किया और उनके सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। पत्रकारों द्वारा उठाई गई समस्याओं और सुझावों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनहित के प्रति उनकी सजगता और प्रतिबद्धता सराहनीय है तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मीडिया की अहम भागीदारी रहती है। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार साथियों ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत जनकल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और प्रदेश के विकास के लिए सरकार की पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्नेह और अटूट विश्वास के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को अवश्य सिद्ध किया जाएगा।

# पत्रकारों का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर किया गया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** मीडिया क्लब की नवगठित कार्यकारिणी टीम का शुक्रवार को कांकरोली स्थित प्रभु द्वारकाधीश मंदिर में मंदिर अधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों का मेवाड़ी पगड़ी, इकलाई व प्रसाद भेंट कर स्वागत किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष आनंद श्रोत्रिय, उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विनीता पालीवाल, सचिव तरुण जोशी, सहसचिव गौतम शर्मा, प्रचार-प्रसार मंत्री दिनेश श्रोत्रिय, संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह खंगारोत सहित प्रकाश पालीवाल,भरत पालीवाल, सुरेश बागोरा सहित अन्य को मनोनीत किया गया। गौरतलब है कि कार्यकारिणी के सभी सदस्य सर्वप्रथम प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे। जहां मंदिर के अधिकारी भगवती लाल पालीवाल, गोस्वामी परिवार के उत्तराधिकारी देवशंकर शास्त्री, विशेषाधिकारी राजकुमार गौरवा तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल, ओम प्रकाश व्यास ने सभी का मेवाड़ी परंपरा के अनुसार पगड़ी पहनाकर एवं प्रसाद भेंट कर अभिनंदन किया।

# कार्मिकों की समस्याओं को लेकर नगर परिषद आयुक्त व चौमूँ तहसीलदार को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूँ (दिनेश कुमार कुमावत)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला-जयपुर दितीय द्वारा जनगणना में लगाए जा रहे कार्मिकों की समस्याओं को लेकर नगर परिषद आयुक्त व चौमूँ तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया , नगर परिषद में इंस्पेक्टर संदीप सिह व तहसील में नायब तहसीलदार मनीष महावर को ज्ञापन सौपा गया जिस पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन में शिक्षक संघ के न्याधिकरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश मीणा हाटवाल व जिलाध्यक्ष हनुमान सहाय खटीक ने जनगणना में लगाए जा रहे कार्मिकों को उनके मूल निवास या पदस्थापन स्थान के समीप लगाया जावे,शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभाग के कार्मिकों को भी आनुपातिक रूप से लगाया जावे, पूर्व में लगे

बीएलओस की ड्यूटी भी जनगणना कार्य में लगायी जावे उन्होंने बताया की जनगणना कार्मिकों की हाल ही में जो ड्यूटी लगाई जा रही है कई कार्मिकों की ड्यूटी उनके गृह निवास या पदस्थापन कार्य स्थल से दूरी पर लगाया गया है। जिससे अनावश्यक रूप से कार्मिको को आवागमन की परेशानी उठानी पड़ेगी विकलांग,असाध्य रोगियों व सेवानिवृत्ति के समीप कार्मिकों को जनगणना कार्य से मुक्त रखा

# अखबार में खबर छपते ही हरकत में आया प्रशासन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैन)।** कस्बे के डाबला रोड की जर्जर सड़क और जगह-जगह बने खतरनाक गड्ढों को लेकर प्रकाशित समाचार का आखिरकार असर देखने को मिला। अखबार में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग तुरंत हरकत में आ गया और शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। लंबे समय से बदहाल पड़ी इस सड़क के कारण वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को गड्ढों से बचने के लिए मजबूरन रॉन्ग साइड से गुजरना पड़ रहा था, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत

खबर का असर



डाबला रोड की जर्जर सड़क ने खोली प्रशासन की पोल, गड्ढों से बचने को वाहन चालक मजबूरन जा रहे रॉन्ग साइड

करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था।

मामला मीडिया में उजागर होते ही प्रशासन की नींद टूटी और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को भरकर डामरीकरण का कार्य कराया गया, जिससे लंबे समय से बदहाल पड़े इस मार्ग को काफी हद तक दुरुस्त कर दिया गया है।

सड़क की मरम्मत होने से वाहन चालकों, राहगीरों और आसपास के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मीडिया द्वारा समस्या को प्रमुखता से उठाने के कारण ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**चौमूँ (दिनेश कुमार कुमावत)।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र की यातायात समस्याओं और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा हैं। शर्मा ने जयपुर-सीकर राजमार्ग (ह॥-52) की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसे 6-लेन में क्रमोन्नत करने और चौमूँ के राधास्वामी बाग कट पर फ्लाईओवर व सर्विस रोड निर्माण की मांग उठाई है। अपने पत्र में रामलाल शर्मा ने अवगत कराया कि ह॥-52 वर्तमान में 4-लेन है, लेकिन विश्व प्रसिद्ध श्री खाटूश्याम जी मंदिर और श्री सालासर बालाजी मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के कारण इस मार्ग पर श्रद्धालुओं का निरंतर आवागमन रहता है। इसके साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र को राजधानी से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने की वजह से यहाँ भारी वाहनों का दबाव अपनी क्षमता से कई गुना अधिक हो चुका है। साथ ही विशेष रूप से चौमूँ के राधास्वामी बाग कट की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि यहाँ फ्लाईओवर/पुलिया के अभाव में शहर के भीतर प्रवेश करने वाले वाहनों का भारी दबाव रहता है। इसके कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें जान-माल की हानि हो रही है। साथ ही, वाहनों के अत्यधिक जमाव के कारण स्थानीय निवासियों और यात्रियों को लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि ?जयपुर से रींगस तक के राजमार्ग को जनभावनाओं और सुरक्षा की दृष्टि से 6-लेन किया जाए। राधास्वामी बाग कट पर व्यवस्थित फ्लाईओवर/ पुलिया का निर्माण हो तथा स्थानीय यातायात को सुगम बनाने के लिए दोनों ओर व्यवस्थित सर्विस रोड तैयार की जाए। प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने विश्वास जताया है कि केंद्र सरकार इस जनहित के मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेगी, जिससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGI-NEER WDSC TONK**

File no. ()/3342 Date:11-03-2026

NOTICEINVITING BID

NIB No.42-43 YEAR 2025-26

Bids for constuction of pasture works & Consturction of filed outlet (westweir) (02 Package) of total estimated value INR 42.40 Lacs undr MISA-2.2 & MISA 2.1 Block Tonk & Uniara Distt. Tonk are invited from interested bidders up to 06.00 PM (time), 17-03-2026 (date)/ Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthanj.gov.in or https://sppp.rajsthan. gov.in) of the state and department.

website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc)

UBN1. WSC2526WSOB03196, UBN 2.WSC2526WSOB03198

Email:dwdu.tonk@gmail.com SE&PM WDSC, Tonk

DIPR/C/5371/2026

**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग**
**(पंचायती राज विभाग)**

क्रमांकः एफ(88)परावि/भण्डार/खुली निविदा/2026-27/79388/08 जयपुर, दिनांकः 10-3-26

**बोली सूचना**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग (पंचायती राज) जयपुर सचिवालय स्थित कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्नानुसार कार्य हेतु जीएसटी पंजीकृत संवेदकों से मोहरबन्द खुली बोलियाँ आमंत्रि की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित | निविद प्रपत्र | बोली प्रतिभूति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेशनरी व अन्य सामान की दरें | 6.00 लाख | 500/- | 12000/- |

निर्धारित बोली प्रपत्र दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक बेचे जाकर मध्यान्ह पश्चात 5.00 बजे तक प्राप्त की जा सकेंगी तथा निदांक 18.03.2026 को सायं 12.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। बोली प्रपत्र विभाग में 500/- नगद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा विभागीय वेबसाइट www.rajpanchayat.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं एवं बोली सूचना http.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं। जिसका क्रमशः UBN No. 2526GSOB00022 NIB Cod PAN 2526A002 है। विभागीय वेबसाईट से डउनलोड किए गए बोली प्रपत्र की शुल्क राशि 500/- का बैंकर चैक/ड्राफ्ट जो कि कार्यालयध्यक्ष एवं आहरण वितरण अधिकारी, पंचायती राज विभाग, जयपुर के नाम से देय हो संलग्न करना होगा। बोली प्रतिभूति राशि का बैंकर चैक/ड्राफ्ट कार्यालयाध्यक्ष एवं आरहरण वितरण अधिकारी, पंचायती राज विभाग, जयपुर के नाम देय संलग्न करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग बोलियाँ प्रस्तुत करनी होंगी। एक लिफाफे में ऐ से अधिक कार्य की बोली प्रस्तुत करने पर बोली निस्तारण कर दी जावेगी। बोली से संबंधित समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकता के पास सुरक्षित रहेंगे।

कार्यालयाध्यक्ष
DIPR/C/5408/2026 उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव (वित्तीय)

### श्रील वासुदेव गोस्वामी जी महाराज स्मृति महोत्सव

# राधा दामोदर मंदिर में संकीर्तन-सत्संग का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परम पूज्य प्रातः स्मरणीय सदगुरु देव वैराग्य श्रील वासुदेव गोस्वामी जी महाराज स्मृति महोत्सव संकीर्तन सत्संग उत्सव मंदिर श्री राधा दामोदर जी महाराज चौड़ा रास्ता जयपुर 13 मार्च 2026 को सायं 6 से 8ः00 बजे तक धूमधाम से संकीर्तन ,सत्संग,भजन आदि आयोजित हुए। कैलाशी नंद किशोर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राधा गोविंद देव मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ,राधेश्याम नानू वाले सहित सभी वैष्णव जन महिला एवं पुरुष सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

राधा दामोदर मंदिर के महंत मलय गोस्वामी ने बताया कि गौडिया संप्रदाय में छः गोस्वामियों में श्रील गोपाल भट्ट गोस्वामी द्वारा सेवक शालग्राम सिल्ला से स्वयं प्रकट भगवान श्री राधारमण देव वृंदावन की श्रेष्ठ वंश परंपरा में परम पूज्य श्रील वासुदेव गोस्वामी जी महाराज का जन्मदिन 1933 में हुआ। आप संस्कृत व्याकरण एवं संस्कृत साहित्य से पोस्ट ग्रेजुएट की शिक्षा प्राप्त करके राजकीय विद्यालय में 20 वर्ष तक व्याख्याता पद पर रहे परंतु पारिवारिक संस्कार और भक्ति भावना से विवश होकर सरकारी पद के इस्तीफा देकर पूर्ण रूप से श्रीमद् भागवत के प्रचार नाम सहित विद्यार्थियों को निशुल्क संस्कृत की शिक्षा प्रदान करने में संलग्न हो गए अनेक लोगों को भत्ति से जोड़ते हुए उन्हें हरीनाम संकीर्तन में सलग्न किया सन 2020 में गोलोक घाम पधार गए जयपुर से विशेष लगाव होने के कारण उनके इष्ट श्री राधा दामोदर मंदिर मैं पूज्य श्री आचार्य मलय गोस्वामी जी महाराज के सानिध्य में प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण दशमी को उनका तिरोभाव उत्सव मनाया जाता है।



## सम्पादकीय

# सरकार के हाथ मजबूत करे निजी क्षेत्र

सरकार ने अपना दायित्व स्पष्ट कर दिया है। इसे साकार करने के लिए निजी संस्थाओं को भी कंधे से कंधा मिला कर काम करना होगा। शिक्षा और कौशल में प्रगति को अगर हम यूं ही अपनी योजनाओं के केंद्र में रखेंगे तो संभव है वर्ष 2026 भारत के भविष्य का निर्णायक वर्ष हो।

प्रमथ राज सिन्हा। जहां एक तरफ कई देशों में वृद्ध आबादी बढ़ती जा रही है और जापान तथा इटली जैसे देश घटती जन्म दर से जूझ रहे हैं, वहीं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में कामकाजी उम्र के लोगों की जनसंख्या बरकरार है। आज भारत में दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत देश के युवा हैं। युवा संभावनाशील शक्ति बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जरूरत है इस ऊर्जा को सही दिशा देकर एक मजबूत आर्थिक ताकत में रूपांतरित किया जाए। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए गत दिनों संसद में पेश केंद्रीय बजट में युवाओं को सिर्फ 'भविष्य' नहीं कहा गया, बल्कि उन्हें वर्तमान में 'भविष्य का निर्माणकर्ता' माना गया है। इन भविष्य के निर्माताओं को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि उनके लिए अवसरों की ऐसी सीढ़ी तैयार की जाए, जिससे वे अपनी रुचियों और कौशल का सही उपयोग कर नई ऊंचाइयां छू सकें। युवा जनसांख्यिकी के लिए पढ़ाई और रोजगार का ऐसा परिवेश तैयार करना होगा, जो उन्हीं की तरह विविध, बहुआयामी और गतिशील हो।

जमीनी वास्तविकताओं और अंतर क्षेत्रीय जटिलताओं को समझते हुए सरकार ने बजट में प्रतिभाओं में निवेश को प्राथमिकता दी है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी योजनाएं शुरू की गईं, जिन्होंने चुनिंदा क्षेत्रों में प्रशिक्षण को उद्योग के साथ जोड़ा और इस साझेदारी से कौशल अंतर को पाटने की कोशिश की। बजट इन योजनाओं को और विस्तार तो देता ही है, साथ ही नए अवसरों की घोषणा भी करता है। भारत की विशिष्टताओं को ध्यान में रख कर देखें तो बजट युवा-केंद्रित प्राथमिकताओं को उकेरता है। भारत की डिजिटल क्षमता उसकी पहली बड़ी ताकत है। भारत तेजी से मोबाइल-आधारित क्रिएटर इकोनमी बन रहा है।

आज युवा सिर्फ कंटेंट देखना नहीं चाहते, वे कंटेंट बनाना भी चाहते हैं। डिजिटल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के लिए हमें डिजिटल माडल्स को सीखने पर जोर देना होगा। रचनात्मक क्षेत्रों में विकास को ध्यान में रख कर बजट में 15,000 स्कूलों और 500 कालेजों में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब बनाने का प्रस्ताव है। इन लैब्स के जरिये युवा तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना सीखेंगे जिससे उनकी रचनात्मक आकांक्षाओं को सही औपचारिक स्वरूप मिलेगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने लायक कौशल विकसित कर पाएंगे। दूसरा अहम स्तंभ है उद्यमिता। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से छोटे शहरों और सुदूर क्षेत्रों तक विस्तार पा रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के आवंटन में 62 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी इसका प्रमाण है कि सरकार भविष्य के लिए सही कौशल से लैस सक्रिय कार्यबल बनाने को लेकर गंभीर है। बजट में टियर-2 और टियर-3 शहरों में इकोनमिक रीजन विकसित करने की बात कही गई है। उद्यमिता और आर्थिक विकास को साथ जोड़ते हुए बात ऐसे शहरों की हो रही है, जहां रोजगार के विकल्पों के साथ-साथ बेहतर जीवन की आशा भी है। घर के पास अच्छे अवसर मिलने से बड़े शहरों की तरफ युवाओं का पलायन कम होगा और देश में संतुलित विकास हो सकेगा। तीसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है हमारे उच्च शिक्षा संस्थान, जो देश के लिए एक सशक्त भविष्य की नींव रख सकते हैं और जिनकी भूमिका आने वाले दिनों में और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। एजुकेशन टू एंप्लायमेंट एंड एंटरप्राइज नामक एक स्थायी समिति बनाने का जो प्रस्ताव रखा गया है, उसका उद्देश्य है उच्च शिक्षा को रोजगार से जोड़ना, जिससे केवल डिग्री प्राप्त नहीं होगी, बल्कि काम करने का कौशल भी विकसित होगा। साथ ही पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाने की योजना भी रखी गई है। ये टाउनशिप्स संपूर्ण शिक्षा का केंद्र होंगी, जिनमें विश्वविद्यालय, कालेज, शोध संस्थान और कौशल केंद्र, सबके लिए जगह होगी।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 14 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 1987 - फिजी में रक्तहीन सैनिक क्रान्ति के बाद सरकार का तख्ता पलटा गया।
- 1989 - दक्षिण अफ़्रीकी नेशनल पार्टी द्वारा पीटर बोथा के स्थान पर एफ़.डब्ल्यू.डी. क्लार्क को राष्ट्रपति बनाया गया।
- 1990 - श्रीमती अर्था पास्कल ट्राविल हैती की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं।
- 1999 - स्पेन का कार्लोस मोया विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बना।
- 2000 - मोहम्मद मुस्तफ़ा मेरो सीरिया के नये प्रधानमंत्री बने।
- 2001 - संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई, रातुविता मोमेदोनू फिजी के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2002 - सर्बिया व यूगोस्लाविया में संधि पर हस्ताक्षरर, सेना गाजा पट्टी में घुसी।
- 2004 - चीन में निजी सम्पत्ति को क़ानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन।
- 2007 - कारगिल और स्कार्दु के बीच भारत-पाकिस्तान में बस सेवा प्रारम्भ करने पर सहमति।
- 2008 - विक्ट्री समूह ने ब्रिटेन की प्रसिद्ध स्विचगियर निर्माता कंपनी 'क्रेग एण्ड डेरिकार' का अधिग्रहण किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-चेयरमैन आसिफ़ अली जरदारी को पाकिस्तान में घूंसखोरी के आरोपों से बरी किया गया।
- 2018 - ब्रितानी भौतिकशास्त्री और ब्रह्माण्ड-विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का 76 वर्ष की आयु में निधन

### 14 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1913 - एस. के. पोट्टेक्काट्ट, प्रसिद्ध मलयालम साहित्यकार
- 1965 - आमिर ख़ान, प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता।
- 1904 - दानमल माथुर - को राजस्थान के एक प्रसिद्ध और अत्यधिक सम्मानित प्रकाशक के रूप में याद किया जाता है।
- 1895 - गुरमुख निहाल सिंह - दिल्ली के भूतपूर्व दूसरे मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के प्रथम राज्यपाल थे।
- 1879 - अलबर्ट आइंस्टाइन, प्रसिद्ध वैज्ञानिक

### 14 मार्च को हुए निधन

- 2023 - डॉ. वेदप्रताप वैदिक का उनके निवास नई दिल्ली में निधन हो गया।
- 2018 - स्टीफन हॉकिंग - विश्व प्रसिद्ध ब्रितानी भौतिक विज्ञानी।
- 2010 - गोविन्द विनायक करंदीकर - मराठी में रचना करने वाले प्रसिद्ध कवि, लेखक, अनुवादक व समीक्षक थे।
- 1997 - वीरेन्द्र पाटिल - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों में से एक थे।
- 1986 - के. सी. अब्राहम - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1883 - कार्ल मार्क्स, एक प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक समाजवाद का प्रणेता था।
- 1963 - जयनारायण व्यास, भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के प्रसिद्ध राजनेता थे।

## विशेष आलेख

# इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील फैसला



डॉ. सत्यवान सौरभ




भारत की न्याय व्यवस्था केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था भर नहीं है, बल्कि वह समाज के नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्था भी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा गाजियाबाद के 32 वर्षीय हरीश राणा के मामले में दिया गया निर्णय इसी मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। पिछले तेरह वर्षों से स्थायी वनस्पतिक अवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हरीश राणा के मामले में अदालत ने उनके परिजनों को जीवन-रक्षक चिकित्सा उपकरण हटाने की अनुमति प्रदान की। यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि मानव जीवन की गरिमा, पीड़ा और नैतिक दायित्वों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास भी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पर्दिवाला और न्यायमूर्ति विस्वनाथं की पीठ ने जिस संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया, वह भारतीय न्याय व्यवस्था की गरिमा को दर्शाता है। विशेष रूप से निर्णय सुनाते समय न्यायमूर्ति पारदीवाला का भावुक होना इस बात का संकेत है कि न्यायालय केवल विधिक तर्कों के आधार पर नहीं चलता, बल्कि वह मानवीय पीड़ा को भी गहराई से समझने का प्रयास करता है।

इच्छामृत्यु का प्रश्न लंबे समय से समाज, चिकित्सा विज्ञान और कानून के बीच बहस का विषय रहा है। सामान्य शब्दों में इच्छामृत्यु का अर्थ है ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति को मृत्यु की अनुमति देना, जब उसका जीवन असाध्य बीमारी या असहनीय पीड़ा से घिरा हो और उसके स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो। भारतीय कानून में सक्रिय इच्छामृत्यु अर्थात किसी को जानबूझकर मृत्यु देना स्वीकार्य नहीं है, लेकिन निष्क्रिय इच्छामृत्यु अर्थात जीवन-रक्षक उपचार हटाने की अनुमति कुछ विशेष परिस्थितियों में दी जा सकती है।

हरीश राणा का मामला इसी निष्क्रिय इच्छामृत्यु से जुड़ा हुआ है। वे पिछले तेरह वर्षों से ऐसी अवस्था में हैं जिसे चिकित्सा विज्ञान में स्थायी वनस्पतिक अवस्था कहा जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति जीवित तो रहता है, परंतु उसके मस्तिष्क की चेतन क्रियाएं लगभग समाप्त हो जाती हैं। वह स्वयं निर्णय लेने, बोलने या सामान्य प्रतिक्रिया देने में सक्षम नहीं होता। ऐसे रोगियों का जीवन प्रायः कृत्रिम उपकरणों और निरंतर चिकित्सकीय देखभाल पर निर्भर रहता है।

किसी भी परिवार के लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। वर्षों तक अपने प्रियजन को अचेत अवस्था में देखना मानसिक और भावनात्मक रूप से अत्यंत कठिन अनुभव होता है। इसके साथ-साथ आर्थिक बोझ भी लगातार बढ़ता जाता है। इसलिए कई बार परिवार यह कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूर हो जाता है कि क्या केवल मशीनों के सहारे जीवन बनाए रखना वास्तव में उचित है।

यहीं से इच्छामृत्यु का नैतिक प्रश्न सामने आता है। एक ओर मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाता है और उसे हर परिस्थिति में बचाने का प्रयास किया जाता है। दूसरी ओर यह भी प्रश्न उठता है कि यदि जीवन केवल शारीरिक अस्तित्व तक सीमित रह जाए और उसमें चेतना, संवाद और मानवीय अनुभव समाप्त हो जाएं, तो क्या उसे उसी प्रकार जीवन कहा जा सकता है जैसा हम सामान्य रूप से समझते हैं।

भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर इन जटिल प्रश्नों पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास किया है। पहले भी अदालत यह स्पष्ट कर चुकी है कि व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या व्यक्ति को गरिमा के साथ मृत्यु प्राप्त करने का अधिकार भी होना चाहिए। हालांकि इस विषय में अत्यधिक सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इसका किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न हो सके। इसी कारण भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु के लिए कड़े नियम निर्धारित किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति के मामले में जीवन-रक्षक उपचार हटाने का निर्णय केवल परिवार की इच्छा से नहीं लिया जा सकता। इसके लिए चिकित्सकों की विशेषज्ञ समिति, विस्तृत चिकित्सा परीक्षण और न्यायिक अनुमति जैसी कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय पूरी तरह मानवीय हित और चिकित्सकीय तथ्यों के आधार पर लिया जाए। हरीश राणा के मामले में भी अदालत ने सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही यह निर्णय दिया। इस फैसले का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह समाज को यह सोचने का अवसर देता है कि जीवन की गरिमा का वास्तविक अर्थ क्या है। केवल शारीरिक अस्तित्व बनाए रखना ही जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता। जीवन में चेतना, संवाद, अनुभव और मानवीय संबंधों का भी उतना ही महत्व है।

इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि इच्छामृत्यु जैसे विषय पर समाज में गंभीर और जिम्मेदार चर्चा हो। कुछ लोग इसे मानवीय पीड़ा से मुक्ति का माध्यम मानते हैं, जबकि कुछ इसे जीवन के मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच संतुलन स्थापित करना ही कानून और समाज की सबसे बड़ी चुनौती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताएं भी इस विषय को प्रभावित करती हैं। अनेक परंपराओं में जीवन को ईश्वर का उपहार माना जाता है और उसकी समाप्ति को केवल प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया जाता है। इसलिए इच्छामृत्यु के प्रश्न पर लोगों की भावनाएं भी गहराई से जुड़ी होती हैं।

फिर भी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने इस विषय को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता उत्पन्न कर दी है। आज चिकित्सा तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि कई बार व्यक्ति को लंबे समय तक कृत्रिम रूप से जीवित रखा जा सकता है। ऐसे में यह प्रश्न और अधिक जटिल हो जाता है कि क्या हर परिस्थिति में जीवन को इसी प्रकार बनाए रखना उचित है।

इस संदर्भ में अदालत का यह निर्णय संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह फैसला न केवल कानून की मर्यादा का पालन करता है, बल्कि मानवीय संवेदना को भी सम्मान देता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जीवन की गरिमा और मानवीय पीड़ा दोनों को ध्यान में रखते हुए ही ऐसे मामलों में निर्णय लिया जाना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने निजी चिार हैं। )**

# नचिकेता के अनुपम आदर्श से अनभिज्ञ होती आधुनिक पीढ़ी



अरविंद रावल

आज का युग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का युग है। मोबाइल और इंटरनेट से घिरी आधुनिक पीढ़ी किसी भी प्रश्न का उत्तर कुछ ही क्षणों में गूगल पर खोज सकती है। यदि आज के बच्चों या युवाओं से पूछा जाए कि नचिकेता कौन थे, तो वे संभवतः तुरंत इंटरनेट पर खोज कर उत्तर बता देंगे। लेकिन यदि यही प्रश्न बिना गूगल या एआई की सहायता के पूछा जाए, तो शायद अधिकांश लोग निरुत्तर रह जाएंगे। यह स्थिति हमारी शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक स्मृति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है । भारतीय वैदिक साहित्य में कृष्ण यजुर्वेद के कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता और यमराज के संवाद की कथा अत्यंत प्रेरणादायक मानी जाती है। बालक नचिकेता का चरित्र पितृभक्ति, सत्यनिष्ठा, साहस, वैराग्य और ज्ञान-पिपासा का अद्भुत उदाहरण है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा पद्धति में इस महान आदर्श का समुचित स्थान नहीं है। यदि कहीं इसका उल्लेख मिलता भी है तो वह केवल कुछ श्लोकों तक सीमित रह जाता है।

वैदिक ग्रंथों के अनुसार लगभग दस वर्ष की आयु का बालक नचिकेता अत्यंत तेजस्वी और जिज्ञासु था। उसके पिता उद्दालक ऋषि ने विश्वजीत नामक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सर्वस्व दान करना अनिवार्य था। यज्ञ के दौरान जब उद्दालक ऋषि दुर्बल और बूढ़ी गायों का दान करने लगे, तब नचिकेता ने विनम्रतापूर्वक उन्हें समझाया कि ऐसा दान, जो किसी के काम न आए, धर्मसम्मत नहीं है।

नचिकेता ने अपने पिता से कहा कि यदि दान ही देना है तो मुझे ही दान कर दीजिए, ताकि मैं किसी के काम आ सकूँ। नचिकेता पिता से कहता है कि मैं भी आपका धन हूँ, अतः इन गायों की जगह आप मेरा ही दान कर दीजिए ताकि मैं किसी के कुछ काम आ सकू। गोदान करते समय पिता के पास आकर नचिकेता बार-बार एक ही प्रश्न पूछता है — 'तत् कस्मै मां दास्यसि?' अर्थात आप मुझे किसे दान देंगे? बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर आवेश में आकर पिता के मुख से निकल गया— 'मैं तुझे यमराज को देता हूँ।' पिता के इस वचन को सत्य सिद्ध करने के लिए बालक नचिकेता मृत्यु के देवता यमराज के लोक तक पहुँच गया। यमराज के द्वार पर वह तीन दिन और तीन रात बिना अन्न-जल के प्रतीक्षा करता रहा। अतिथि के रूप में आए इस बालक की तपस्या और पितृभक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उसे तीन वरदान माँगने को कहा । पहले वरदान में नचिकेता ने अपने पिता के क्रोध और दुख के शांत होने की कामना की। दूसरे वरदान में उसने अग्नि विद्या का ज्ञान माँगा। तीसरे वरदान के रूप में उसने जीवन के सबसे गूढ़ प्रश्न को सामने रखा— मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है ? यमराज ने उसकी परीक्षा लेने के लिए उसे अपार धन, ऐश्वर्य, सुख-सुविधाएँ और स्वर्गिक भोग देने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नचिकेता ने इन सबको अस्वीकार कर दिया। उसने स्पष्ट कहा कि संसार के सभी भोग क्षणभंगुर हैं और मनुष्य कभी धन से तृप्त नहीं होता। उसे केवल आत्मा के सत्य का ज्ञान चाहिए।

नचिकेता की इस अद्भुत वैराग्य भावना और दृढ़ जिज्ञासा से प्रसन्न होकर यमराज ने उसे आत्मा और ब्रह्म के रहस्य की ब्रह्मविद्या का ज्ञान दिया। यही ज्ञान आगे चलकर कठोपनिषद का अमूल्य संदेश बना। नचिकेता के महान जीवन चरित्र आदर्श की तुलना आज के आधुनिक समाज से करें तो स्थिति बहुत चिंताजनक दिखाई देती है। आज की पीढ़ी भौतिक सुखों और विलासिता की दौड़ में अपने पारिवारिक संस्कारों, धार्मिक ग्रंथों और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। आज हर वर्ग हर समाज की आधुनिक होती पीढ़ी विलासिता में डूबकर अपने घर, परिवार, समाज की मान-मर्यादा, रीति-नीति और संस्कारों से न केवल दूर हो रही है बल्कि अपने वैदिक धार्मिक ग्रंथों में छिपे असीम रहस्यों, इतिहास और आदर्श चरित्रों से भी वह अनभिज्ञ हो चुकी हे ! बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियाँ, नशे की लत और कम उम्र में भटकाव समाज के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नचिकेता जैसे आदर्श चरित्रों की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के अपने निजी चिार हैं। )**

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### बंदर



आज़ादी के समय देश में हर तरफ दंगे फैले हुए थे। गांधी जी बहुत दुखी थे। उनके दुख के दो कारण थे - एक दंगे, दूसरा उनके तीनों बंदर खो गए थे। बहुत तलाश किया लेकिन वे तीन न जाने कहां गायब हो गए थे।

एक दिन सुबह अपनी प्रार्थना सभा के बाद गांधी जी शहर की गलियों में घूम रहे थे कि अचानक उनकी निगाह एक मैदान पर पड़ी, जहां बंदरों की सभा हो रही थी।

उत्सुकतावश गांधीजी करीब गए। उन्होंने देखा कि उनके तीनों बंदर मंचासीन हैं। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रसन्न मन वे उन तीनों के पास पहुंचे।

गांधीजी, 'अरे तुम लोग कहां चले गए थे, मैंने तुम तीनों को कितना ढूंढा? यहां क्या कर रहे हो?'

बंदर बोले, 'गांधीजी, हम लोगों ने आपको और आपके सिद्धान्त दोनों को त्याग दिया है। यह हमारी पार्टी की पहली सभा है। देश आजाद हो गया। अब आपकी और आपके सिद्धान्तों की देश को क्या जरूरत?'

गांधी जी हतप्रभ से खड़े रह गए। आज भी खड़े हैं ठगे से, मूक इस देश में हो रहा तमाशा देखते।


अपने शहर में ढूंढिएगा कहीं न कहीं मिल जाएंगे मूर्तिवत खड़े हुए।

## हेल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# किडनी को डैमेज कर सकती हैं ये 5 गलत आदतें

किडनी हमारे शरीर का अहम अंग है। यह शरीर में मौजूद गंदगी और विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करके पेशाब के जरिए बाहर निकलने का काम करती है। अगर किडनी में किसी तरह की परेशानी हो जाए, तो शरीर में गंदगी जमा होने लगती है। ऐसे में, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किडनी को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। लेकिन आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण किडनी के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है। यही वजह है कि आजकल लोगों में किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हमारी कुछ खराब आदतों की वजह से किडनी धीरे-धीरे खराब हो सकती है। इसलिए किडनी को स्वस्थ रखने के लिए इनसे बचने की कोशिश करनी चाहिए। तो आइए,



जानते हैं उन आदतों के बारे में, जिनकी वजह से किडनी खराब हो सकती है -

**कम पानी पीना:** शरीर को ना सिर्फ हाइड्रेट रखने के लिए, बल्कि किडनी और अन्य अंगों को ठीक तरीके से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी की कमी से शरीर में टॉक्सिंस जमा होने लगते हैं, जिसकी वजह से किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसके कारण किडनी से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए दिन भर में काम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं।

**अत्यधिक नमक का सेवन:** अत्यधिक नमक का सेवन भी किडनी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल, ज्यादा नमक का सेवन ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, जो किडनी डैमेज का कारण बन सकता है। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए नमक का सेवन सीमित मात्रा में करें।

**पेन किलर्स का अधिक सेवन:** हम में से कई लोग दर्द से तुरंत राहत पाने के लिए पेनकिलर का सेवन करते हैं। लेकिन बार-बार पण किलर्स खाने से आपकी किडनी को नुकसान पहुंच सकता है।

**शराब और धूम्रपान:** अगर आप शराब और धूम्रपान का सेवन करना पसंद करते हैं, तो अपनी इस आदत को तुरंत बदल दें। शराब और धूम्रपान आपकी किडनी के लिए बहुत हानिकारक है। शराब का सेवन किडनी के फिल्टरिंग सिस्टम को प्रभावित कर सकता है। वहीं, धूम्रपान आपके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, यह किडनी में ब्लड फ्लो को भी कम कर सकता है। इससे किडनी से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ता है।

**प्रोसेस्ड फूड का सेवन:** ज्यादा प्रोसेस्ड फूड खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इन फूड्स में कई तरह के प्रिजर्वेटिव और अधिक मात्रा में सोडियम का इस्तेमाल किया जाता है, जो किडनी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए ब्रेड, बिस्कुट, बेकरी आइटम्स और इंस्टैंट नूडल्स जैसे प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन करने से बचें।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सुख और संतोष से भरा रहने वाला है। व्यापार से जुड़ी आपकी योजनाएं आपको अच्छा लाभ दे सकती हैं। यदि आपकी संतान ने हाल ही में किसी परीक्षा में भाग लिया था, तो उसके परिणाम आने की संभावना है और वह आपके लिए खुशी का कारण बन सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आपके संबंध भी मधुर रहेंगे और आप सभी एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखेंगे।

**वृष**
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। यदि कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था और उसे पूरा करने में दिक्कत आ रही थी, तो आज उसके पूरे होने की संभावना बन सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में यदि कुछ समय से मतभेद या परेशानियां चल रही थीं, तो अब उनमें काफी हद तक सुधार देखने को मिल सकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आ सकता है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने की प्रबल संभावना रहेगी। संतान भी पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नई संभावनाएं लेकर आ सकता है, खासकर नौकरी के क्षेत्र में। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं और किसी कार्य से संबंधित यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए प्रगति और तरक्की के संकेत लेकर आ सकता है। अविवाहित लोगों के जीवन में किसी नए व्यक्ति का आगमन हो सकता है, जो आगे चलकर खास स्थान बना सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह दे रहा है। जल्दबाजी में किए गए कामों में गड़बड़ी हो सकती है और व्यस्तता के कारण आप कुछ गलत फैसले भी ले सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए व्यापार और कामकाज में वृद्धि का संकेत दे रहा है। परिवार में किसी सदस्य से किया हुआ वादा समय रहते पूरा करना जरूरी होगा, वरना वे आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। कहीं आने-जाने या घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**मीन**
आज का दिन कामकाज के मामलों में आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कार्यों को लेकर काफी मेहनत करेंगे और उसका अच्छा परिणाम भी देखने को मिल सकता है। माताजी के साथ आपके संबंध पहले से अधिक मधुर हो सकते हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी, जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को पीएम-किसान उत्सव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त देशभर के किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर सवाई माधोपुर जिले में फूल उत्कृष्टता केंद्र पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया और किसानों को योजना की जानकारी दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के लगभग 150 किसानों ने भाग लिया और योजना के लाभ तथा कृषि से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्राप्त की।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य नारंगी देवी मीणा, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक बृजेन्द्र शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि लखपत मीणा, उप रजिस्ट्रार सहकारिता प्रीति यादव, उप निदेशक कृषि एवं परियोजना निदेशक आत्मा अमर सिंह, उप निदेशक उद्यान बृजमोहन मीना, सहायक निदेशक कृषि खेमराज मीना तथा सहायक निदेशक उद्यान बृजेश मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय है आधुनिक भारत की शिक्षा के मॉडल- अत्यानंद



निवाई। पीएम श्री विद्यालय में बच्चों के मॉडल का अवलोकन करते हुए संयुक्त सचिव अत्यानंद।

## गृह मंत्रालय संयुक्त सचिव ने किया निवाई पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय संयुक्त सचिव अत्यानंद ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फुल स्कैन के दौरान उन्होंने उच्चाधिकारियों के साथ विद्यालय की शैक्षणिक व तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के उपनिदेशक महेन्द्र गर्ग सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विद्यालय कार्यालय, आधुनिक डिजिटल लैब, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब एवं विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। संयुक्त सचिव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके विषयगत ज्ञान व तकनीकी कौशल का आकलन किया। उन्होंने विद्यालय के संविधान कक्ष, संगीत व चित्रकला कक्ष व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आत्मरक्षा के प्रदर्शन का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची व विद्यालय के किचन गार्डन व बाल वाटिका की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। संयुक्त सचिव अत्यानंद ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय आधुनिक भारत की शिक्षा के मॉडल हैं। जहाँ उपलब्ध संसाधन बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुबेह सिंह यादव, रामगोपाल बलाई, श्योप्रसाद मीणा व रामजीलाल मीणा, ब्लॉक शिक्षाधिकारी मंजू मीणा व प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर सहित कई अधिकारी व शिक्षक मौजूद थे।

# श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया दशा माता का पर्व



बढ़ता राजस्थान

**सिरस।** गांव श्योसिंहपुरा में दशा माता का पर्व परंपरागत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि विधान से दशा माता का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज धजकर पीपल वृक्ष की भी पूजा अर्चना की। महिलाओं ने दशा माता की कथा सुनकर सुभता का प्रतीक दशा माता का डोरा गले में धारण किया। इसी प्रकार खलीलाबाद मौज गांव में भी श्री राधा कृष्ण मंदिर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से दशा माता की पूजा अर्चना कर नल दमयंती की कथा का श्रवण किया।

# महिलाओं ने दशा माता की विधिवत की पूजा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** महिलाओं ने दशा माता की विधिवत पूजा कर गृहस्थ जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि की मनोकामना की। इस दौरान चंपालता शर्मा, सुशीला जाट, बदाम बैरवा, रेखा बैरवा, ज्योति खारवाल, सुनीता गुर्जर, लाली मीणा, गीता, भगवती, कमला व स्नेहलता सहित कई महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की हल्दी, रोली और कच्चे सूत का 10 तार का डोरा चढ़ाकर विधि विधान से पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने भजन गाते हुए पीपल के वृक्ष की परिक्रमा लगाई। यह व्रत घर की दरिद्रता दूर करने और सुख-समृद्धि पाने के लिए किया जाता है। दशा माता के आशीर्वाद से व्यक्ति की दशा में सुधार होता है और उसके सभी बिगड़े काम बनने लगते हैं। इस व्रत को विधि-विधान से करने पर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और उसे पूरे साल धन की कोई दिक्कत नहीं होती है।

### के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई

# स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), राजस्थान सरकार के स्टेट ब्राण्ड एम्बेसडर के.के. गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुप्ता ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने पर बल दिया और कहा कि जनप्रतिनिधियों, नगर निकायों के कार्मिकों और आमजन की सक्रिय भागीदारी से ही शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। बैठक में नगर परिषद आयुक्त गौरव मित्तल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी बीएस मीना, राजस्व अधिकारी खण्डार सुलोचना मीना सहित सभी नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रेस प्रतिनिधियों को किया संबोधित - बैठक के उपरांत सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और स्वच्छता व्यवस्था में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को वर्ष भर नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की दिन में तीन बार सफाई, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने और निर्धारित समय में प्लास्टिक थैलियों के उपयोग पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाली प्लॉटों की सफाई संबंधित भू-स्वामियों से कराई जाए तथा लापरवाही पर नगर निकायों द्वारा जुर्माना लगाते हुए कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नालियों की नियमित सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, सार्वजनिक पार्कों की उचित देखभाल, सड़कों पर निर्माण सामग्री के अवैध अतिक्रमण पर रोक, अवैध बूचड़खानों एवं मांस विक्रय स्थलों के विरुद्ध कार्रवाई तथा कचरा निस्तारण स्थलों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

गुप्ता ने कहा कि कचरा संग्रहण स्थलों पर कचरे में आग लगाने की प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाई जाए, क्योंकि इससे निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान के परिणाम शीघ्र दिखाई देने चाहिए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज पढ़कर देश और समाज में अमन-चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( पुरूषोत्तम जोशी )।** जिलेभर की मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज पढ़कर देश और समाज में अमन-चैन व भाईचारे की दुआएं मांगी।

**जामा मस्जिदों में किए गए विशेष इंतजाम:** जुमातुल विदा की नमाज को लेकर शहर में विशेष इंतजाम किए गए। नगर परिषद, जिला प्रशासन, मस्जिद कमेटी से जुड़े नौजवानों और दुकानदारों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

काफला जामा मस्जिद के बाहर नमाजियों के लिए एक तरफ सुभाष बाजार और दूसरी तरफ बर्फ वाली गली तक नमाज की व्यवस्था की गई थी।

इसके अलावा जिलेभर की कई जामा मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई।

**बड़ा कुआ क्षेत्र में भी उमड़ी भीड़:** शाही जामा मस्जिद बड़ा कुआ क्षेत्र में भी जुमातुल विदा की नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। यहां भी बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और सामूहिक रूप से नमाज अदा कर दुआएं कीं। अलविदा जुमे की नमाज हुई अदा, सैंकड़ों नमाजियों ने दुआएं खैर की।

**एकता और भाईचारे का दिया संदेश:** नमाज के दौरान मौलानाओं ने एकता और भाईचारे पर जोर देते हुए लोगों को नेक राह पर चलने का संदेश दिया।

नमाज के बाद हजारों लोगों ने देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

**बाजारों में दिखी ईद की खरीदारी:** जुमातुल विदा की नमाज के बाद शहर के बाजारों में ईद की खरीदारी को लेकर रौनक देखने को मिली।काफला बाजार, छावनी, बड़ा कुआ क्षेत्र और लाडली बेगम की मस्जिद के आसपास लोगों की भीड़ नजर आई।

**कई बच्चों ने रखे रोजे, हुए इफ्तार कार्यक्रम:** जुमातुल विदा के मौके पर कई बच्चों ने भी रोजे रखे। वहीं शहर के कई स्थानों पर सामूहिक रोजा इफ्तार के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**चांद दिखने पर तय होगी ईद की तारीख:** उल्लेखनीय है कि इस बार यदि रमजान का महीना 29 दिनों का होता है और 29 रमजान को चांद दिखाई देता है तो 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। वहीं यदि चांद 30वें रोजे के बाद नजर आता है, तो 20 मार्च को एक और अलविदा जुमे की नमाज अदा की जा सकती है।

### लव मैरिज के बाद दंपती ने एसपी से मांगी सुरक्षा

# कोर्ट में की थी शादी, गांव जाने पर मिल रही जान से मारने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( पुरूषोत्तम जोशी )।** लव मैरिज के बाद दंपती ने एसपी से मांगी सुरक्षा: तीन साल पहले कोर्ट में की थी शादी; बोले-गांव जाने पर मिल रही जान से मारने की धमकी। लव मैरिज करने वाले दंपती ने अपनी सुरक्षा को लेकर स्क्र राजेश कुमार मीना से गुहार लगाई है। टोंक में तीन साल पहले कोर्ट मैरिज करने वाले एक दंपती ने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दंपती का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनके परिजन लगातार धमकियां दे रहे हैं और गांव में जाने पर जान से मारने की बात कह रहे हैं। हाल ही में युवक के अपहरण की एसपी को दी गई शिकायत में महिला ने बताया - वर्ष 2023 में उसने अपने ही क्षेत्र के एक युवक के साथ घर से निकलकर कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद से दोनों परिवारों की नाराजगी के चलते उन्हें लगातार मोबाइल पर धमकियां मिलती रहीं कि यदि वे गांव में दिखाई दिए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। धमकियों के डर से दोनों पति-पत्नी फिलहाल कस्बे में किराए के कमरे में रह रहे हैं। दंपती का एक करीब आठ माह का बच्चा भी है। उनका कहना है कि वे सामान्य जीवन जीना चाहते हैं, लेकिन परिजनों की धमकियों के कारण लगातार भय का माहौल बना हुआ है। महिला ने आरोप लगाया कि 4 मार्च को उसके पति को बाजार से कुछ लोगों ने जबरन कार में बैठाकर पास के रास्ते पर ले जाकर मारपीट की। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ लोगों को घटना संदिग्ध लगी तो आरोपियों ने युवक को धमकी देकर छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मारपीट की शिकायत स्थानीय थाने में दी गई, लेकिन दंपती का कहना है कि अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी कारण उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा देने और मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। राजीनामे के बावजूद विवाद महिला ने शिकायत में यह भी बताया कि शादी के बाद दोनों पक्षों के बीच समाज के पंचों की मौजूदगी में समझौता कराया गया था। समझौते के तहत आर्थिक लेन-देन भी हुआ और इसका लिखित इकरारनामा तैयार किया गया था। इसके बावजूद महिला का आरोप है कि उसके मायके पक्ष के लोग अब भी उन्हें धमका रहे हैं। दंपती ने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सत्संग ही सभी सुखों का सार- जगदीशराम महाराज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( निसं )।** ग्राम पंचायत पलेई में अनंत श्री विभूषित स्वामी जगदीशराम महाराज के सानिध्य में भव्य सत्संग का आयोजन हुआ। श्रद्धालु शंकरलाल मीणा ने बताया कि सत्संग में श्रद्धालुओं द्वारा महाराज का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। स्वामी जगदीश महाराज ने कहा कि इस जीवन में सत्संग ही सभी सुखों का सार है और सत्संग ही ज्ञान की जननी है। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सत्संग करना चाहिए। इस अवसर पर दशरथसिंह पलेई, मनजीत दास, रामचंद्र मीणा, प्रहलाद मीणा, प्रभु लाल, लक्ष्मण प्रजापत, दिनेश प्रजापत, शिवजीराम, कैलाश प्रजापत, शिवचरण मीणा, रामनारायण मीणा, रामकरण गुर्जर व कपूर मीणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रवर्तन जांच दल ने किया गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मध्यपूर्व क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी एवं आपूर्ति श्रृंखला पर जिला कलक्टर कानाराम ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों, अन्नपूर्णा रसोईयों, छात्रावासों तथा स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। उपभोक्ताओं से कहा है कि वे अनावश्यक रूप से पैनिक बुकिंग न करें तथा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण न करें। किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश या अफवाहों पर ध्यान न दें!

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेण्डरों की आपूर्ति में कमी , अवैध संग्रहण एवं उचित दामों पर कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम हेतु जिला कलक्टर द्वारा प्रवर्तन जांच दल का गठन किया है। प्रवर्तन जांच दल द्वारा शुक्रवार को जिले की 07 गैस एजेन्सियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें मैसर्स अरावली भारत गैस कुण्डेरा, मैसर्स भौम्याजी भारत गैस खिलचीपुर, मै0 श्याम इण्डेन ग्रामीण वितरक कुस्तला, मै0 आस्था एच.पी. गैस सर्विस गंगापुर सिंटी, बामनवास इण्डेन गैस एजेन्सी, मै0 बौंली गैस इण्डेन, मै0 मंजू इण्डेन ग्रामीण वितरक, मलारना डूंगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी गैस वितरकों को एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता तथा नियमानुसार बुकिंग तथा वितरण व गोदामों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देश दिये गये। यदि किसी गैस एजेन्सी, वेण्डर या अन्य व्यक्ति द्वारा सिलेण्डरों की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव पैदा करना व निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय पाया जाता है तो संबधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुंसगत धाराओं के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

घरेलू गैस सिलेंडर वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए जिला रसद कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया

# घरेलू गैस की कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन चूल्हे पर बनाई चाय



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और घरेलू गैस की कीमतों के खिलाफ शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर बामनवास विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा मीना के नेतृत्व में धरना एवं विरोध प्रदर्शन' किया गया। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हुंकार भरी।

### विरोध का अनोखा तरीका: ईंट का चूल्हा और जलता पुतला

कांग्रेस मीडिया प्रभारी अमन खान ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार की विफलता को दर्शाने के लिए धरना स्थल पर ही ईंटों का कच्चा चूल्हा बनाया गया। विधायक इंदिरा मीना ने खुद चूल्हे पर चाय बनाकर यह संदेश दिया कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से जनता वापस आदिम युग में जाने को मजबूर है। इसके पश्चात, कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इस दौरान गंगापुर विधायक रामकेश मीणा, जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज, विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष एवं अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए विधायक इंदिरा मीना ने कहा, 'आज चूल्हा जलाना दूभर हो गया है, उज्ज्वला के नाम पर गरीबों को छला गया और सरकार कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता में भी विफल रही है। विधायक ने आरोप लगाया कि पीएम' ने अमेरिका के दबाव में आकर भारत-ईरान की दशकों पुरानी ऐतिहासिक दोस्ती को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिससे देश के रणनीतिक हित खतरे में हैं!

इंदिरा मीना ने चेतावनी दी कि घर के अंदर महंगाई और बाहर देश के सम्मान से समझौता अब बर्दाश्त नहीं होगा। कांग्रेस का आर-पार की लड़ाई का ऐलान जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने बताया कि यदि गैस की कीमतें तुरंत कम नहीं की गईं और सरकार ने अपनी 'डरपोक' विदेश नीति में सुधार नहीं किया, तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर गांव-ढाणी तक ले जाएगी।

### 90 साल बाद दुर्लभ संयोग

# पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, हाथी पर होगी विदाई

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शक्ति की आराधना का महापर्व 'चैत्र नवरात्र इस वर्ष 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाया जाएगा। इस बार की नवरात्र ग्रह-नक्षत्रों के एक ऐसे अद्भुत संयोग के साथ आ रही है, जो पिछले 90 वर्षों में नहीं देखा गया। पहले ही दिन चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या, प्रतिपदा और गौतम जयंती का विशेष त्रिवेणी संयोग बन रहा है, जो इस पर्व की महत्ता को और बढ़ा रहा है।

**विश्व में हलचल के संकेत, लेकिन देश में होगी सुवृष्टि:** पंडित शिवदयाल शास्त्री के अनुसार इस वर्ष लगभग 90 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जब माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी। माता का पालकी पर आगमन जनमानस के लिए मिश्रित फलदायी माना जाता है और यह विश्व में कुछ अशांति व उथल-पुथल के संकेत देता है। हालांकि राहत की बात यह है कि माता की विदाई हाथी पर होगी। हाथी पर विदाई को अत्यंत शुभ माना गया है जो देश में सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम वर्षा का सूचक है।

**प्रातःकालीन शुभ वेला:** सुबह 6:53 बजे से 8:17 बजे तक।

**चंचल, लाभ और अमृत वेला:** सुबह 11:16 बजे से दोपहर 3:46 बजे तक।

**26 मार्च को एक साथ मनेगी दुर्गाष्टमी और रामनवमी:** इस वर्ष तिथियों के घट-बढ़ के चलते नवमी तिथि को लेकर भी विशेष स्थिति बन रही है। इस बार महाअष्टमी (दुर्गाष्टमी) और भगवान राम का जन्मोत्सव रामनवमी एक ही दिन 26 मार्च को उल्लासपूर्वक मनाए जाएंगे। वहीं 27 मार्च को नवरात्र पर्व की पूर्णता (पारण) होगी।

#### घटस्थापना के शुभ मुहूर्त

नवरात्र के प्रथम दिन कलश (घट) स्थापना का विशेष महत्व होता है। इसके लिए सबसे श्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:22 बजे से 1:10 बजे तक रहेगा। इसके अलावा श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार अन्य शुभ चौघड़ियों में भी घटस्थापना कर सकते हैं।

### ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने मुख्य वक्ताओ व सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया

# सीए ब्रांच मे जीएसटी मॉक ट्रिब्यूनल और इंकम टैक्स एक्ट 2025 पर सेमिनार संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** दी इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफइंडिया अलवर सीए ब्रांच द्वारा शुक्रवार को जीएसटी मॉक ट्रिब्यूनल और इंकम टैक्स एक्ट 2025 पर सेमिनार का आयोजन आईसीएआई भवन स्कीम नंबर 8 विस्तार में किया गया। ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने मुख्य वक्ताओ व सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने बताया कि जीएसटी मॉक ट्रिब्यूनल पर सीए राहुल




लखवानी द्वारा मॉक न्यायपीठ के रूप में प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमे सीए राहुल लखवानी और सीए अजय सिंघल ने जज की भूमिका निभाई व सीए राजेश गुप्ता, सीए अनुराग गोयल, सीए गौरव गुप्ता, सीए रवि खंडेलवालए सीए आकाश सिंघलए सीए के के खंडेलवाल, सीए हरमनप्रीत सिंह, सीए मुदित डाटा, सीए विवेक आर्य व सीए जीतेंद्र गुप्ता ने न्यायिक सदस्य की भूमिका निभाई। सीए अंकित सोमानी द्वारा इंकम टैक्स एक्ट-2025 में जो सरकार द्वारा एक्ट में परिवर्तन किए गए हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । इस कार्यक्रम का मंच संचालन अनन्या जैन ने किया। प्रोग्राम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। सचिव सीए सचिन गुप्ता द्वारा पधारे सभी आगन्तुओं का धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष सीए अंशुल मोदी एवं सिकासा चेयरमैन सीए हितेश सेतिया सहित सीए सदस्य उपस्थित हुए।

## तैयारी करो...

यहां कोई आंदोलन के लिए दिल्ली जाने या जयपुर जाने की तैयारी की बात नहीं कर रहा हूं मैं अपने इस आलेख में, ना ही मैं किसी शादी विवाहोत्सव या किसी उत्सव की तैयारियों की बात करने का जीक्र कर रहा हूं। ना किसी सफर पर जाने की तैयारियों की बात की रहा हूं। मैं तो यहां उस महासफर की तैयारी की बात कर रहा हूं जहां एक ना एक दिन सबको जाना है। जी हां उस सफर की बात हो रही है जहां डैथ एक्सप्रेस हमें बिना रिर्जेवेशन ले जाऐगी और यमलोक पुरी तक छोड देगी। अचरज तो ये है कि मात्र दो-पाँच दिन के लिए यदि कहीं जाना हो,



**रूपक शर्मा**
संपादकीय प्रभारी,
अलवर संस्करण

तो हम सूटकेस सजाकर तैयारियां करते हैं लेकिन जहां से कभी वापिस नहीं आना उस लम्बी यात्रा की कोई तैयारी नहीं है और देखिए उस दिन की हमने शायद कोई तैयारी की ही नहीं, क्योंकि हम लोग मरने की कभी सोचते भी नहीं हैं और देखों कमबख्त मौत आ ही जाती है। मृत्यु के बाद इंसान के कर्म और उसकी अच्छी-बुरी यादें ही रहती हैं और यही दोनों चीजें किसी के जीवन की असली विरासत होती हैं। व्यक्ति जब इस दुनिया से चला जाता है, तो उसकी दौलत, परिवार वगैरह सब पीछे छूट जाता है, उस समय कुछ भी काम नहीं आता है। लेकिन, जो कर्म उसने किया होता है, चाहे अच्छे हों या बुरे, वही उसके साथ जाते हैं, अच्छे कर्मों का फल मिलता है और बुरे कर्मों का भी निवारण करना पड़ता है। हमारे द्वारा छोड़ी गई अच्छी यादें ही लोगों के दिलों में हमें जिंदा रखती हैं। केवल दो ही चीजें मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ रहती हैं. कर्म और यादें, दूसरों से दिखावा करने या दौलत जुटाने की बजाय हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में असली मायने अच्छे कर्म और सच्ची यादों के होते हैं। हम नाहक की एक दूसरे से ईष्या,द्वेष,जलन कुढ़न रख कर हमेशा माल एकत्र करने फिराक में रहते हैं,जबकि ये सभी चीजें उस समय कुछ काम नहीं आती।

## 16 मार्च को भिजवा सकते हैं प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन हेतु गैर शासकीय सदस्यों के रूप में तृतीय लिंग वर्ग के 2 प्रतिनिधियों का मनोनयन किया जाना है। अतः इच्छुक व्यक्ति अपना प्रस्ताव मय दस्तावेज यथा आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण कार्यों का अनुभव संबंधी दस्तावेज लेकर 16 मार्च 2026 तक भवानी तोप स्थित मिनी सचिवालय द्वितीय तल कमरा नंबर 243 स्थित कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में भिजवा सकते हैं।

## 16 मार्च को भिजवा सकते हैं प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन हेतु गैर शासकीय सदस्यों के रूप में तृतीय लिंग वर्ग के 2 प्रतिनिधियों का मनोनयन किया जाना है। अतः इच्छुक व्यक्ति अपना प्रस्ताव मय दस्तावेज यथा आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण कार्यों का अनुभव संबंधी दस्तावेज लेकर 16 मार्च 2026 तक भवानी तोप स्थित मिनी सचिवालय द्वितीय तल कमरा नंबर 243 स्थित कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में भिजवा सकते हैं।

## जैसलमेर से गुजरात जा रही बस में लगी आग, एक की मौत

**जैसलमेर ( बढ़ता राजस्थान )।** जैसलमेर के नाचना से सूरत जा रही निजी ट्रेवल्स की एक बस गुजरात के धानरा के निकट तकनीकी खराबी से कारण आग लगने से पूरी जल गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक यात्री झुलस गए जिनको की अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना में घायल व्यक्तियों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

यह बस दो दिन पहले ही इस रूट पर नई शुरू हुई थी ,अब इस बस के को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी अनुसार बस में कुल 16 लोग सवार थे। शुक्रवार अलसुबह साढ़े तीन बजे बस बनासकांठा के धानरा में पहुंची , तब सारे यात्री गहरी नींद में थे। अचानक बस में तकनीकी खामी के चलते एयर कंडीशनर में विस्फोट से आग लग गयी , आग इतनी विकराल थी की यात्रियों को बचने का मौका तक नहीं मिला।

### गैस संकट से प्रभावित छोटे व्यवसायियों, थड़ी-ठेले वालों और मजदूरों को सरकार आर्थिक मदद और राहत दे

# 'अदृश्य' हुई भाजपा सरकार, 'डबल इंजन' की गैस खत्म, जनता बेहाल: टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान में गहराते रसोई गैस (एलपीजी) संकट ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक नियंत्रण की पोल खोलकर रख दी है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की वर्तमान स्थिति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की संस्था पूरी तरह 'अदृश्य' हो चुकी है। तथाकथित डबल इंजन सरकार की गैस बीच राह में ख़त्म हो गई है, जिससे प्रदेश की जनता को अधर में छोड़ दिया गया है।

जूली ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सीधा सवाल दागते हुए पूछा कि जब प्रदेश की जनता एक-एक सिलेंडर के लिए सड़कों पर है, तब मुख्यमंत्री और उनका प्रशासनिक अमला आखिर कहाँ अदृश्य हो चुका है ? ज़मीनी हकीकत यह है कि सरकार के कागजी निर्देशों का कालाबाजारी करने वालों पर रत्ती भर भी खौफ नहीं है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़,



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बयान इस तरह के आए हैं कि दावा कर रहे हों कि राजस्थान में एलपीजी गैस का कोई संकट नहीं है। यह बेहद आश्चर्यजनक है कि रोज बिगड़ती स्थिति के बावजूद मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता ऐसे दावे कैसे कर सकते हैं? क्या उनका धरातल से संपर्क बिल्कुल ही टूट चुका है एवं क्या ये लोग सिर्फ अधिकारियों की ब्रीफिंग पर ही निर्भर हैं?

**कोटा से भरतपुर तक त्राहि-त्राहि, जुमलों में उलझी सरकार**

शिक्षा नगरी कोटा से लेकर भरतपुर तक के हालात का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि भाजपा राज में अब छात्रों के निवाले पर भी संकट मंडराने लगा है। कोटा के कोचिंग विद्यार्थियों को समय पर भोजन न मिलना और भरतपुर में इंदिरा रसोई (अन्नपूर्णा रसोई) का बंद होना सरकार की संवेदनहीनता का पराकाष्ठा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो कोटा की कचौरी दिल्ली भेजने के बड़े-बड़े दावे करते थे, आज उन्हीं के राज में रोजी रोटी के लाले पड़ने की आशंका हो गई है। विडंबना देखिए कि प्रदेश के हर कोने से हाहाकार की खबरें आ रही हैं, लेकिन सरकार के पास इस संकट से निपटने के लिए न तो कोई विज़न है और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त है, जबकि जनता बुनियादी जरूरतों के लिए त्रस्त है।

**महंगाई पर सिर्फ लिप सर्विस**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार का कहीं अता-पता नहीं है। आज प्रदेश की जनता को याद आ रहा है कि किस तरह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगाकर महंगाई से राहत देने का काम किया था। अब स्थिति यह है कि मौजूदा सरकार केवल बयानबाजी और लिप सर्विस तक सीमित नजर आती है, जबकि जनता राहत और ठोस कदमों की उम्मीद कर रही है।

### रोज़ी-रोटी पर प्रहार, हजारों ऑटो बंद

नेता प्रतिपक्ष ने गैस संकट के सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल ईंधन की कमी नहीं, बल्कि गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला है। राजधानी जयपुर में ही लगभग 10 हजार ऑटो के पहिए थम जाने से हजारों परिवारों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। ग्रामीण अंचलों की स्थिति तो और भी भयावह है, जहाँ अगली बुकिंग के लिए 45 दिनों का लंबा इंतजार आम आदमी की कमर तोड़ रहा है। गरीबों की परेशानी का जिक्र करते हुए जूली ने कहा कि साधन-संपन्न लोग तो इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना लेंगे, लेकिन थड़ी पर चाय बनाने वाले या छोटे ढाबे चलाने वालों की कमाई पूरी तरह ठप हो जाएगी। ऐसे में वहां काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी क्या भाजपा सरकार उठाएगी?

### छोटे कारोबारियों को राहत दे सरकार

जूली ने कहा कि जिस प्रकार कोविड काल में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गरीबों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका का ध्यान रखा था, उसी प्रकार वर्तमान गैस संकट से प्रभावित छोटे व्यवसायियों, थड़ी-ठेले वालों और मजदूरों को सरकार तत्काल आर्थिक मदद और राहत दे। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार अपनी कुंभकर्णी नींद त्यागे, वरना जनता इस 'अदृश्य सरकार' को सत्ता के गलियारों से भी अदृश्य करने में देर नहीं लगाएगी।

## भार वाहन स्वामी 15 मार्च तक जमा करावे वार्षिक कर



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** भार वाहनों के स्वामी अपने वाहनों का वार्षिक कर 15 मार्च तक जमा करावे, निर्धारित समयावधि पश्चात कर जमा कराने पर दोगुना पैनल्टी देय होगी।

साथ ही विभाग के उडन दस्तों द्वारा जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रविन्द्र जोशी ने बताया कि कार्यालय के अंतर्गत वार्षिक देयता वाले 5454 भार वाहनों में से आदिनांक तक केवल 1483 वाहनों द्वारा कर जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी भी 3971 वाहनों का कर बकाया है। उन्होंने बताया कि अतः समस्त वाहन स्वामी किसी भी प्रकार की असुविधा, चालान एवं जब्ती आदि की कार्यवाही से बचने हेतु नियत समय 15 मार्च 2026 तक अपना कर जमा करावे।

उन्होंने बताया कि ई-रवन्ना चालानों की बकाया राशि पर एमनेस्टी के तहत जुर्माना राशि पर 95 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अतः मार्च माह के शेष दिवसों में छूट का लाभ उठाते हुए जुर्माना राशि जमा करावे।

## चिकित्सा शिक्षा में आधुनिक तकनीकों का समावेश समय की आवश्यकता: गर्ग

### प्लास्टिनेशन तकनीक से मानव अंगों को वर्षों तक सुरक्षित रखकर अध्ययन संभव: कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) शुक्ल



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्नातकोत्तर रचना शारीर विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'प्लास्टिकॉन-2026' दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा शिक्षा में नई तकनीकों का समावेश समय की आवश्यकता है। प्लास्टिनेशन जैसी आधुनिक तकनीकें विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए शरीर रचना विज्ञान के अध्ययन को अधिक सुलभ, प्रभावी और व्यावहारिक बनाती हैं। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आधुनिक तकनीकों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। प्लास्टिनेशन तकनीक शरीर रचना विज्ञान के अध्ययन को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा इससे विद्यार्थियों को लंबे समय तक संरक्षित अंगों के माध्यम से अध्ययन का बेहतर अवसर मिलता है।

कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ डॉ. हरिकृष्णन पी.आर., डॉ. मिनीमोल, डॉ. अल्फांजो एवं डॉ. विष्णु कुमार रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे और प्रतिभागियों को प्लास्टिनेशन तकनीक की सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं।

### पुरोहित अर्जिनवीस, स्टाम्प वाईण्डर, फोटो स्टेट, ई-मित्र संचालकों व नोटेरी पब्लिक के संयुक्त अध्यक्ष निर्वाचित!

# तहसील से सम्बंधित कोई भी कार्य होगा,मैं तैयार रहूँगा: पुरोहित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** तहसील परिसर और आस-पास कार्यरत अर्जिनवीस,स्टाम्प वाईण्डर,फोटो स्टेट संचालकों,ई-मित्र संचालकों व नोटेरी पब्लिक के संयुक्त अध्यक्ष पद पर रजनीश पुरोहित निर्विरोध सर्वसहमति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस मौके पर पुरोहित ने कहा कि तहसील कार्यालय से सम्बंधित आमजन को कोई भी समस्या होगी उसके लिए त्वरित गति से कार्य करवाया जाएगा जो न्याय संगत है। उन्होंने कहा कि मैं हमारे सभी संगठनों का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मुझे सेवा का मौका दिया। संयुक्त संगठन में धोलाराम यादव को उपाध्यक्ष, संदीप शर्मा उर्फ़ सेठी को कोषाध्यक्ष, सचिव पद



पर संजय मेघवाल व संरक्षक पद पर कैलाश गुर्जर को निर्विरोध चुना गया। संगठन के चुनाव संपन्न होने के बाद सभी सदस्यों सहित तहसीलदार गजेन्द्रसिंह शेखावत ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी।वहीं रजनीश पुरोहित के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के बाद उनकी टीम सहित उनका गुलाब की माला व साफा पहनाकर तथा मुँह मीठा कराकर भव्य सम्मान भी किया गया। वहीं ग़ुलाल लगाकर होली मिलन की शुभकामनाएँ भी संगठन के सदस्यों ने दी।इस मौके पर काफ़ी संख्या में अर्जिनवीस, स्टाम्प वाईण्डर,ई-मित्र संचालक, फोटो स्टेट संचालकों सहित नोटेरी पब्लिक के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बानसूर के भूपसेड़ा में बेटी को घोड़ी पर बैठाकर निकाली भव्य बिंदोरी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान की माटी से अक्सर परंपराओं और गौरव की कहानियाँ सामने आती हैं, लेकिन अलवर जिले के बानसूर विधानसभा क्षेत्र से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे को हकीकत में बदल दिया है। यहाँ के गांव



भूपसेड़ा में एक पिता ने अपनी बेटी की शादी के अवसर पर उसे बेटे के समान दर्जा देते हुए घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकाली। आमतौर पर ग्रामीण परिवेश में बिंदोरी के समय केवल दूल्हे को घोड़ी पर बैठाने का रिवाज रहा है, लेकिन भूपसेड़ा निवासी कविता के विवाह समारोह में नज़ारा कुछ अलग ही था। जब कविता सज-धज कर घोड़ी पर सवार हुई, तो पूरे गांव के लोग इस गौरवपूर्ण क्षण को देखने के लिए उमड़ पड़े। बैंड-बाजे की धुन और परिजनों के उत्साह ने इस आयोजन को एक उत्सव में बदल दिया।

## 15 से 19 मार्च तक मयूर होटल में पांच दिवसीय ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा ओडीओपी उत्पाद ऑटोकम्पोनेंट्स, स्थानीय हस्तशिल्पियों एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को बढावा देने हेतु 15 से 19 मार्च तक भवानी तोप स्थित मयूर होटल में पांच दिवसीय ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान इन सभी उत्पादों की स्टॉल्स लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन किया जाएगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने बताया कि इस दौरान राज्य सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद के प्रोत्साहन हेतु जारी राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024 एवं अन्य विभागीय नीतियों एवं योजनाओं यथा राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति 2024, राजस्थान एमएसएमई नीति 2024, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के प्रावधानों एवं परिलाभों की जानकारी दी जाएगी।

## युवक पर पैंथर का हमला, गर्दन पर आधा इंच गहरे दांत के निशान

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही।** सिरोही जिले के बसंतगढ़ गांव में एक युवक पर पैंथर ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

जानकारी के अनुसार धणावत फली निवासी 25 वर्षीय पूनाराम (25) बस्ती के पास बनी नई सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे पैंथर ने पीछे से अचानक झपट्टा मारकर उनकी गर्दन पकड़ ली। युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठियां और पत्थर लेकर मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों के शोर मचाने और पत्थर फेंकने पर पैंथर युवक को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को पिंडवाड़ा के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की गर्दन पर करीब आधा इंच गहरा घाव हुआ है।

सूचना मिलने पर वन विभाग के रेंजर प्रेम सागर अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से इलाके में पैंथर की गतिविधियां देखी जा रही थीं, जिसकी सूचना कई बार वन विभाग को दी गई ।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि पैंथर को जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए, जिससे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# विधायक आवास पर भाजपा प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र स्थित ज्ञानपुरा गाँव में विधायक देवीसिंह शेखावत के निजी आवास पर भाजपा संगठन द्वारा 14-15 मार्च को आयोजित होने वाले पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विधानसभा बानसूर के संगठन प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विधानसभा क्षेत्र के पाँचों भाजपा मण्डलों में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस दौरान पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ताओं को सात सत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।रावत ने बताया कि बानसूर मण्डल का एसएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल, रामपुर मण्डल का भाजपा कार्यालय दांतली पहाड़ी, नीमूचाना मण्डल का सम्मुखदास मन्दिर कराणा

नारायणपुर मण्डल का भाजपा कार्यालय नारायणपुर में आयोजित होंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि हरसौरा मण्डल में

**इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कब होगा:** बैठक में जिला उपाध्यक्ष नगेन्द्रसिंह चैनपुरा,मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि और पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, संदीप सैनी, राकेश सिंघल, करण ओला, मंडल महामंत्री दयाराम गुर्जर, विजय गोठवाल, राजेश गुप्ता, मनोहर नायक, ओमपाल राज चौहान, संदीप चौधरी, राकेश यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# गैस किल्लत और सिलेंडरों की कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन ,बोले- शहर में हाहाकार, लाखों रोजगार पर संकट

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** शहर में एलपीजी गैस की भारी किल्लत और व्यावसायिक सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार शाम घटोत्कच चौराहे पर अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पास के नाले में गैस पाइप डालकर चूल्हा जलाने की कोशिश की। जब चूल्हा नहीं जला तो उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पूर्व पार्षद संजय यादव के नेतृत्व में शाम करीब 5:30 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता घटोत्कच चौराहे पर एकत्रित हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता गैस का चूल्हा और पाइप लेकर आए। उन्होंने पाइप को पास के नाले में डालकर माचिस की तीली से चूल्हा जलाने का प्रयास किया।

संजय यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें नाले में पाइप डालकर गैस की समस्या का समाधान बताए जाने का दावा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसी दावे की सच्चाई परखने के लिए यह प्रदर्शन किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला।

### बाजार में सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप

यादव ने आरोप लगाया कि गैस की कमी के चलते बाजार में व्यावसायिक सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। कई स्थानों पर सिलेंडर दोगुनी कीमत पर बेचे जा रहे हैं। इससे होटल, हॉस्टल, मैस और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कई प्रतिष्ठानों में कामकाज ठप होने की स्थिति बन रही है और कर्मचारियों के रोजगार पर भी खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से धनजी यादव, कमलेश सिंह, सुरेश भट्ट, राजेश कुमार , चेतन यादव , जय मंगल, साहील वर्मा, भगवान सिंह अजय सिंह, वेद प्रकाश गुर्जर, राजुरंजन सिंह, रंजीत पाठक आदि कार्यकत्ता उपस्थित थे।

### बोले- शहर में गैस संकट से हालात बिगड़े

यादव ने कहा कि कोटा शहर में एलपीजी गैस की किल्लत के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गैस संकट के कारण शहर में हाहाकार की स्थिति बन गई है और हजारों-लाखों लोगों के रोजगार पर संकट मंडरा रहा है।

### युद्ध का असर, लेकिन नीतियों से बढ़ी परेशानी

उन्होंने कहा कि ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है, लेकिन सरकार की अव्यवस्थित नीतियों ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। उनके अनुसार अचानक 25 दिन तक एलपीजी गैस बुकिंग पर रोक जैसे नियम लागू कर दिए गए हैं, वहीं व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

## खैराबाद पंचायत समिति में जनसुनवाई आयोजित, कलेक्टर ने जेल व नवोदय विद्यालय का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** खैराबाद पंचायत समिति परिसर में जिला कलेक्टर की उपस्थिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई कर समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान आधार कार्ड, छात्रवृत्ति और राशन कार्ड से संबंधित अनेक मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित समस्याओं को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद जिला कलेक्टर ने जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने नवोदय विद्यालय खैराबाद का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के कक्षा-कक्ष, लाइब्रेरी, छात्रावास (होस्टल) तथा किचन का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की चार दिवसीय पदयात्रा नयागांव से शुरू



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी की लाडपुरा पंचायत समिति के गांवों में चार दिवसीय 'जनहिताय-जन सुखाय' पदयात्रा की शुरुआत शुक्रवार को नयागांव से की। मंत्री दिलावर ने सुबह अपने कोटा स्थित आवास से निकलकर रंगबाड़ी बालाजी टेम्पल में दर्शन कर यात्रा की शुरुआत की। करीब 40 डिग्री की गर्मी में मंत्री गांवों की सड़कों पर पैदल चलते हुए ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि काफिले में आने से लोगों से खुलकर बात नहीं हो पाती, इसलिए वे पैदल यात्रा कर सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। यात्रा के दौरान मंत्री ने कई विकास कार्यों की घोषणाएं कीं और अधिकारियों को सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए। पहले दिन पदयात्रा नयागांव से शुरू होकर डोबड़ा, पदमपुरा, कोथला, थोलपुरा सहित कुल 11 गांवों से होकर लगभग 14 किलोमीटर चली। यात्रा का रात्रि विश्राम सोहनपुरा गांव में रखा गया है। पदयात्रा में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## भाजपा की सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन व अफीम किसानों के धरना आंदोलन का समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गड़ ( संजय खाबिया )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया । जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार हर जगह विफल रही हैं महंगाई चरम सीमा पर है इस दौरान बढ़ते हुए गैस सिलेंडर की कीमत आम जन की महंगाई कमर तोड़ रही है। इसी संदर्भ में जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि इजरायल अमेरिका और ईरान के मध्य हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को सरक्षित करने में भाजपा की केंद्र सरकार गलत विदेश नीति के कारण विफल रही है द्य जिस कारण देश में ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है।

केंद्र सरकार द्वारा आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाकर गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है । लगातार शादी विवाह एवं समारोह आयोजित हो रहे हैं किंतु ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा इन समारोह के आयोजन हेतु आवश्यक कोमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को भी बाधित कर दिया गया है, जिससे आमजन को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में असंख्य भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं जिनकी वापसी के लिए भी कोई ठोस प्रयास केंद्र सरकार द्वारा नहीं किये जा रहे हैं। साथ ही जिला कांग्रेस द्वारा अफीम किसानों के धरना आंदोलन का भी समर्थन किया गया ।

कार्यक्रम को बड़ी सादड़ी से प्रत्याशी रहे बद्रीलाल जाट जगपुरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉक्टर ललित बोरीवाल, रंजना शर्मा, वंदना शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संपत धाकड़, ममतेश शर्मा, पारस जैन, भोपराज टाक, दिलीप चौधरी, जिला पदाधिकारी पुरुषोत्तम जवहर, दिनेश गुर्जर, दिनेश चास्टा, दिनेश अहीर, सेवादल जिला मुख्य संगठन गौतम विजय वर्गी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष यशोदा पुरोहित, एनएसयूआई कार्यकारी अध्यक्ष संजय राव, किसान खेत कांग्रेस के भैरूलाल जाट, आदि कांग्रेस जनों ने धरने को संबोधित किया कार्यक्रम में जिले के सभी प्रमुख कांग्रेसजन एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेंती में घरो के उपर से निकल रही 33 हजार केवी विद्युत लाईन शिफ्ट करने पर जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**चितौड़गड़ ( संजय खाबिया )।** नगर परिषद वार्ड नम्बर 25 सेंती में घरो के उपर से निकल रही 33 हजार केवी विद्युत लाईन शिफ्ट किये जाने पर शुक्रवार को वार्ड वासियो ने विधायक आक्या का उनके कार्यालय पर उपरना ओढ़ाकर आभार व्यक्त किया।

नगर परिषद के वार्ड नम्बर 25 सेंती में घरो के उपर से 33 हजार केवी विद्युत लाईन गुजरने से वार्डवासी लम्बे समय से परेशान थे। वार्डवासियो द्वारा इस बाबत विधायक आक्या से आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया। विधायक आक्या के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा घरो के उपर से निकल रही लाईन को शिफ्ट कर क्षेत्रवासियो को राहत प्रदान की गई।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में वार्डवासियो ने निवर्तमान पार्षद मुन्ना गुर्जर के नेतृत्व में विधायक आक्या का उनके कार्यालय पर उपरना ओढ़ाकर व मेवाड़ी पाग पहनाकर कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मुन्ना गुर्जर, मनोहर लाल श्रीमाली, बहादुर सिंह, भगवानलाल मेनारिया, राजेन्द्र खमेसरा, भरत श्रीमाली, संदीप मोगरा, नरेन्द्र सिंह डेलवास, भूपेश शर्मा, जगदीश गुर्जर, नारायण पंवार, दिनेश शर्मा, मदन गुर्जर, ब्रजेश भटनागर, विक्रम राजपुरोहित, अनिल शर्मा, राजीव शर्मा, योगेश शर्मा, राजेश श्रीमाली, रविन्द्र श्रीमाली, भेरूलाल गुर्जर उपस्थित रहे।

## रामगंजमंडी में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा से मनाया दशा माता पर्व



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** शहर में सुहागिन महिलाओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ दशा माता का पर्व मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर पीपल वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की लंबी उम्र की कामना की। सुबह से ही शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित पीपल वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाएं चुनरी ओढ़कर पूजा की थाली और सामग्री के साथ दशा माता की आराधना करने पहुंचीं। बाजार नंबर 3 स्थित पुराने पीपल वृक्ष और जुल्मी रोड पर भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने पीपल वृक्ष की परिक्रमा लगाई और कच्चे सूत के डोरे में दस गांठ लगाकर उसे वृक्ष पर बांधा। पूजा के दौरान महिलाओं ने दशारानी और राजा नल-दमयंती की कथा सुनी तथा व्रत-उपवास रखकर घर-परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।

## महिलाएं राष्ट्र के विकास से लेकर अपने घर के विकास तक में अपनी अहम भूमिका निभा रही

### जे.के. में मनाया गया महिला दिवस

बढ़ता राजस्थान



**चितौड़गड़ ( रेखा खाबिया )।** जे.के.सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के निर्देशन में जे.के.सीमेंट वर्क्स द्वारा ग्राम मांगरोल में स्पर्श प्रोजेक्ट के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम सुरभि लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती स्नेहा तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान कम्पनी के आई आर हेड भुवनेश सिंह सीएसआर हेड राहुल कुमार सिंह सुरभि सुरभि महिला क्लब की पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती स्नेहलता तोषनीवाल ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकानाएं देते हुए कहा कि आज भारतीय महिलाएं न केवल पुरुषों से आगे है बल्कि राष्ट्र के विकास से लेकर अपने घर के विकास तक में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर उपस्थित 300 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने कठपुतली शो, डांस, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं समाज उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्पर्श प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं को इन्फोटेनमेंट के मध्यम से महावारी स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के आधार की शपथ भी दिलाई गई।

## बूंदी क्रोशिया ब्रांड लॉन्च: ग्रामीण महिलाओं के हुनर को अब मिलेगी वैश्विक पहचान

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला प्रशासन ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुक्रवार को 'बूंदी क्रोशिया ब्रांड' और उसके उत्पादों का कैटलॉग लॉन्च किया। जिला कलक्टर कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा और जिला परिषद सीईओ रवि वर्मा ने राजीविका समूह की महिलाओं के कार्यों की सराहना की। महिलाओं ने अधिकारियों को हस्तनिर्मित क्रोशिया बुके भेंट किए। प्रदर्शनी में गुलाब, ट्यूलिप, लिली जैसे फूलों के साथ-साथ पोटली बैग, की-चेन और मोर आकृति के बुकमार्क प्रदर्शित किए गए। अधिकारियों ने महिलाओं को टूलकिट वितरित किए और भविष्य में उत्पादों की मार्केटिंग के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबन्धक जगजीवन, वाईपी प्रीतिदास और मितुलिका भदानी भी मौजूद रहे।

### जेंडर इनक्लूजन किया मजबूत, शुरुआत 30 महिला प्रोफेशनल्स की टीम से

## हिंदुस्तान जिंक द्वारा चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में सभी शिफ्ट में कार्य के लिए महिलाओं के नेतृत्व वाली 'तेजस्विनी' ऑल-वुमन शिफ्ट शुरू

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** भारत की मेटल्स और माइनिंग इंडस्ट्री के लिए एक अहम कदम उठाते हुए, विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक एवं शीर्ष पांच सिल्वर उत्पादक में से एक, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में सभी शिफ्ट में कार्य के लिए महिलाओं के नेतृत्व वाली 'तेजस्विनी' ऑल-वुमन शिफ्ट की शुरूआत की है।

यह विश्व की सबसे बड़ी और सबसे अधिक टेक्नोलॉजी वाली एडवांस्ड जिंक स्मेल्टिंग सुविधाओं में से एक है। यह पहल कंपनी की एक इनक्लूसिव वर्कफोर्स बनाने और हेवी इंडस्ट्री में मुख्य ऑपरेशनल भूमिकाओं में महिलाओं के लिए लीडरशिप के अवसर देने में महत्वपूर्ण कदम है। चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में काम करने से महिला इंजीनियर और ऑपरेटर बड़े पैमाने पर मेटलर्जिकल ऑपरेशन के केंद्र में होती हैं, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और एनर्जी ट्रांजिशन एप्लीकेशन के लिए जिंक उत्पादन में अहम भूमिका निभाती हैं। तेजस्विनी पहल के जरिए, हिंदुस्तान जिंक महिलाओं को ग्लोबल मेटल इंडस्ट्री में सबसे एडवांस्ड स्मेल्टिंग इकोसिस्टम में आवश्यक प्रोसेस को लीड करने में मदद कर रहा है।

ऐसे समय में जब माइनिंग और मेटल सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रूप से सीमित रही है, हिंदुस्तान जिंक महिलाओं को जरूरी ऑपरेशनल कार्यो का प्रतिनिधित्व करने में महत्वपूर्ण कदम उठाकर इंडस्ट्री के नियमों को पुनःपरिभाषित कर रहा है। अब महिलाओं की संख्या इसके वर्कफोर्स का 26.3 प्रतिशत है, जो इस सेक्टर में सबसे अधिक है, कंपनी पारंपरिक रूप से पुरुषों के दबदबे वाली इंडस्ट्री में जेंडर डायवर्सिटी के लिए नए बेंचमार्क सेट कर रही है। 30 महिला प्रोफेशनल्स की समर्पित टीम इन यूनिट्स में कोर प्रोसेस ऑपरेशन, मेंटेनेंस और सेफ्टी कार्यो का जिम्मा उठाएगी जो कोर मैन्युफैक्चरिंग भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल से लीचिंग और प्यूरिफिकेशन वन और टू और चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व वाली ऑपरेशनल शिफ्ट की शुरुआत हुई है। यह कंपनी के हाइड्रोमेटलर्जी ऑपरेशन का एक जरूरी हिस्सा है जो सीधे जिंक प्रोडक्शन थ्रुपुट और प्रोडक्ट क्वालिटी पर असर डालता है। इस पहल को हाइड्रो की प्लांट मैनेजर एलएण्डपी वन तान्या सिंह लीड कर रही हैं, जो हिंदुस्तान जिंक के सेफ्टी-फर्स्ट कल्चर को बनाए रखते हुए ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मजबूत करने में टीम को गाइड करेंगी।

## शीलोदय तीर्थ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान आदिनाथ जयंती



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के सिलोर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) की जयंती शीलोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रातः 108 कलशों से महामस्ताभिषेक किया गया। शांतिधारा का सौभाग्य नरेश गंगवाल, मनोज कोटिया, पदम जैन वकील, मनोहर लाल पाटनी और प्रकाश सेठिया सांगोद को मिला। विधानाचार्य मयंक शास्त्री के सानिध्य में संगीतमय भक्तामर महामंडल विधान संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किए। कमेटी अध्यक्ष टीकम जैन और महामंत्री सुनील सेठिया ने बताया कि चैत्र कृष्ण नवमी को जन्मे भगवान आदिनाथ ने ही समाज को धर्म और संस्कृति का मार्ग दिखाया। शाम को भक्तामर पाठ और महाआरती में बूंदी व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विमल पटवारी, नरेंद्र कोटिया, रमेश जैन, राजेंद्र छाबड़ा, मनोज सेठिया, सकल जैन समाज अध्यक्ष महावीर धनोप्या, संजय जैन, अशोक जैन, सुनील हरसोरा सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

# दीनदयाल की विचारधारा अन्त्योदय की योजना को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जन-जन का सहयोग किया

## भाजपा ने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीतियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला की विधिवत शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष दीप्रज्ज्वलन एवं पुशण अर्पित कर की गई। तत्पश्चात् राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 7 सत्र आयोजित किये गये। सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम की प्रस्तावना जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीनदयाल की विचारधारा अन्त्योदय की योजना को आगे बढाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जन-जन का सहयोग किया। पार्टी का मूल ध्येय बस एक की है कि कोई भी व्यक्ति मूल-भूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहे। प्रथम सत्र में अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल ने की जबकि वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री भानूप्रताप राजावत रहे। राजावत ने पार्टी के इतिहास और विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जन संघ की स्थापना 1951 में डॉ. ष्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा की गई। जबकि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रेल 1980 को हुई थी। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। पार्टी का मूल सिद्धान्त हिन्दुत्व, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद का मूल दर्शन है।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने की। जिसमें वक्ता विधायक डॉ. शैलेष सिंह रहे। डॉ. सिंह ने पार्टी की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए पार्टी की कार्यपद्धति के प्रमुख 9 अंग बताये जिनमें बैठक, कार्यसमिति, कार्यशाला, प्रशिक्षण, प्रवास, कार्यालय, कार्यक्रम, आन्दोलन एवं रचनात्मक कार्यक्रम।

तीसरे सत्र की अध्यक्षता जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने की। तथा सत्र की वक्ता विधायक नौक्षम चौधरी रहीं। विधायक चौधरी ने पार्टी के वैचारिक एवं सैद्धान्तिक अधिष्ठान की चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का निर्माण वैचारिकता से ही हुआ है और विचारों के कारण ही पार्टी ने अपना विशाल रूप धारण किया है। चौथे सत्र की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी ने की। तथा वक्ता गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रहे। मंत्री बेढम ने कार्यकर्ता विकास एवं उनकी अपेक्षाएं और कार्य विस्तार की प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी पार्टी राष्ट्रवाद की विचारधारा को लेकर चल रही है। कार्यकर्ता ही पार्टी की प्रमुख रीढ होती है।

पांचवें सत्र की अध्यक्षता विधायक जगत सिंह ने की। तथा वक्ता जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल रहे। वक्ता नरेश बंसल ने कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन के गुर सिखाये। जिसमें बूथ समिति बनाना, उनका सत्यापन करना, समिति में सभी वर्गों का समावेश करना आदि प्रमुख कारक बताये।



छठवें सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र सिंह ने की। जबकि मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी रहे।

सावतें और अन्तिम सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड रहे। इन्होंने अपने उद्बोदन के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि केन्द्र मे नरेन्द्र मोदी की सरकार और राज्य में भजनलाल की सरकार दोनों डबल इन्जन की सरकार मिलकर अन्त्योदय का कार्य कर रहीं हैं। केन्द्र सरकार जिन योजनाओं की घोषणा करती है, उनका राज्य सरकार प्रभावी क्रियान्वयन करती है। सत्र समापन के अवसर पर कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक जगत सिंह गुर्जर, प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी एवं भानू प्रताप राजावत, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली एवं रंजीता कोली, जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल, विधायक जगत सिंह, नौक्षम चौधरी, डॉ. शैलेष सिंह एवं बहादुर सिंह कोली, पूर्व विधायक विजय बंसल, बच्चू सिंह बंशीवाल एवं ग्यारसा राम कोली, पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, डॉ जीतेन्द्र सिंह एवं मनोज भारद्वाज, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा एवं गोविन्द चौधरी सहित सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ और मण्डलों के अध्यक्ष तथा उनके संयोजक एवं सह संयोजक सहित सैंकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आखातीज पर फिर सजेगा 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

### जरूरतमंद परिवारों के सपनों को मिलेगा नया आसमान

### ओमीराम पटेल परिवार अनाथ व गरीब सैंकड़ो लड़कियों का कर चुके है कन्यादान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सपनों को साकार करने और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में लोधा समाज ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। लोधा समाज डीग व भरतपुर के तत्वावधान में आगामी आखातीज 19 अप्रैल, रविवार को 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में करीब 21 जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कर उन्हें नई जिंदगी की शुरुआत का अवसर मिलेगा।

इस संबंध में शुक्रवार को देवी मंदिर सैंत, कुम्हेर में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श कर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के निम्न वर्ग के परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सामाजिक उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि उद्योगपति ओमीराम पटेल (मथुरा वाले), छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र होंगे एवं उनके पुत्र आनंद ओमीराम पटेल एवं प्रपोत्र ध्रूव आनंद पटेल जो नवदंपतियों को आशीर्वाद देंगे और समाज के उत्थान के लिए सहयोग का संदेश देंगे। ओमीराम पटेल अभी तक सैंकडों गरीब व असहाय लडकियों का कन्यादान जैसा पुण्य कार्य अपने हाथों से कर चुके है। ज्ञात रहे कि हाल में गोवर्धन स्थित उनके द्वारा एक भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया गया है। ओमीराम पटेल धार्मिक होने के साथ-साथ गरीब व वेसहारा लडकियों के बाप बनकर कन्यादान करते रहे है। जानकारी देते हुए बताया कि कि विवाह सम्मेलन के लिए वर-वधुओं के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिए गए हैं। इच्छुक लोधा समाज के परिवार अपने पुत्र-पुत्रियों का पंजीकरण कराकर इस सामाजिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

बैठक में हुकुम सिंह लोधा, परसराम सैंत, पुरुषोत्तम, भगवान सिंह पी डब्लू डी,रमेश नंबरदार, रूपसिंह उर्फ वकील,श्यामा पार्षद डीग, चन्नो पटेल, परभाती, सितारा, मीनू सरपंच सुपावस, शिवराज अध्यापक भरतपुर, लालसिंह सरपंच बहताना सहित अनेक समाज बंधुओं ने अपने विचार रखते हुए सम्मेलन को सफ्ल बनाने का संकल्प लिया।

## सेवानिवृत पुलिस कर्मियों द्वारा धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान शाखा जिला भरतपुर द्वारा सारस चौराहा स्थित निजी होटल में होली स्नेह मिलन समारोह गणपतलाल महावर अति0 पुलिस अधीक्षक के मुख्य आतिथ्य में तथा संभागीय अध्यक्ष हरीसिंह एवं संरक्षक भगवान सिंह तथा जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रसाद भारद्वाज को बृजलौठा की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस समारोह में आमंत्रित कवि डॉ. अविनास सोनी, लोकेश सुमन एवं एस.के. कृष्णा ने ब्रज की होली के रसिया एवं हास्य व्यंग्य की कवितायें सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्था के सचिव गिरधारी लाल गुप्ता ने अवगत कराया कि समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा नव मनोनीत पदाधिकारियों का संस्था द्वारा शॉल, साफ, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिंह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संस्था के सांस्कृतिक मंत्री श्याम सुन्दर शर्मा एवं लक्ष्मी कांत शर्मा ने भी होली गीत सुनाकर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। संस्था द्वारा सामूहिक सहभोज का भी आयोजन रखा गया।

इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष हरी सिंह, संरक्षक भगवान सिंह, जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव गिरधारी लाल गुप्ता, वरि0 उपाध्यक्ष रामप्रसाद भारद्वाज, प्रवक्ता किशनलाल शर्मा, संगठन मंत्री देवेन्द्र गुर्जर, बलवीर शर्मा, मोहन सिंह गुर्जर, दूल्हेराम, मुकेश पाराशर, श्याम सुन्दर शर्मा, भीमसिंह सोलंकी, लोकेन्द्र सिंह, हरभान सिंह, पूरन सिंह, श्याम सिह, गजेन्द्र सिंह, रामवीर सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, दीवान सिंह, शिवशंकर पाण्डेय, दिनेश कटारा, सत्यप्रकाश गोयल, योगेन्द्र कुक्कू, घूरेलाल, राजबहादुर आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। समारोह का संचालन सचिव गिरधारीलाल गुप्ता द्वाराकिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। अंत में जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथिं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन पर एसीएस का परिवादियों से सीधा संवाद—

## मार्च में औसतन 6 दिन में समस्याओं का समाधान, संतुष्टी प्रतिशत 79 पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन आमजन की समस्या के समाधान के लिए वरदान साबित हो रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री प्रवीण गुप्ता ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने परिवादियों से सीधा संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 181 हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान की दिशा में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। मार्च माह में विभाग द्वारा औसत 6 दिवस में समस्या का समाधान किया गया है। गौरतलब है कि मार्च माह में अब तक 3228 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 752 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इस के साथ ही महत्वपूर्ण बात यह कि संतुष्टि का प्रतिशत 79 प्रतिशत रहा है। एसीएस ने इस दौरान विभाग से संबंधित 11 परिवादियों से संवाद किया और समस्या समाधान के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा विभाग की सड़कों पर अवैध गतिरोधक, सड़कों पर झाडियां, मिट्टी आदि मुद्दों को संज्ञान में लाया गया।

## जिला कलक्टर ने राजस्थान दिवस तैयारियों की समीक्षा बैठक

### राजस्थान दिवस के सभी कार्यक्रम उमंग एवं उत्साह के साथ मनायें-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि राजस्थान दिवस पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को समारोहपूर्वक आयोजित कर सभी विभाग सक्रियता से भागीदारी निभाऐं। उन्होंने विभागवार उत्तरदायित्व प्रदान करते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी के लिए आमलोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस हम सभी के लिए गौरवमय दिवस है, इस अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को उमंग एवं उत्साह के साथ समारोहपूर्वक मनायें। सभी विभागों के अधिकारी कार्यक्रमों में भागीदारी निभाते हुए दिए गए दायित्वों को गुणवत्ता के साथ पूरे करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में इस बार सात दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें अलग-अलग विभागों को कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना है। उन्होंने कहा कि 14 मार्च से जिलेभर में स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया जायेगा जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में नगर निगम एवं नगर पालिकाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाएं निरंतर जन सहयोग से सफाई अभियान चलायें। उन्होंने सभी विभागों को भी इस दौरान कार्यालयों की साफ-सफाई के कार्य को सम्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि 15 मार्च को 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन किया जायेगा जिसके तहत जिला मुख्यालय पर कलक्ट्रेट से लेकर मुख्य बाजार होकर किला स्थित किशोरी प्लाजा तक दौड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमें आमजन, खिलाड़ी, स्काउट, एनसीसी, एनएसएस एवं सभी विभागों के प्रतिनिधि भाग लेकर स्वस्थ्य होने का संदेश देगें। उन्होंने इसी दिवस होने वाली डिजिटल क्विज, कॉलेजों में निबंध, भाषण, चित्रकारी प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक युवाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शास्त्री पार्क में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पाद मेला एवं प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 16 मार्च को राज्य स्तरीय कार्यक्रम जनजाति गौरव दिवस, 17 को युवा शक्ति दिवस का वर्चुअल माध्यम से कलक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण करने एवं संबन्धित प्रतिभागियों को बुलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुलसिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, सिटी राहुल सैनी, डीएफ्ओ घना चेतन कुमार बीवी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शनिदेव मंदिर पर आयोजित हुआ विशाल भंडारा

### शनिदेव मंदिर में विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ी जायेगी - अरविंद पाल सिंह

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** किला परिक्रमा मार्ग स्थित शनि देव मंदिर के महन्त प्रताप दास की स्मृति में एक विशाल भंडारे का आयोजन कर महंत प्रताप दास की मूर्ति पर माला दुपट्टा एवं शौल उड़ाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में भरतपुर के नागरिक ,व्यवसायी एडवोकेट ,डॉक्टर आदि ने भाग लिया। महंत प्रताप दास की मूर्ति पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद पाल सिंह में माल्यार्पण किया प्रमुख उद्योगपति मनोज अग्रवाल ने माल्यार्पण किया था हुकमसिंह जगदंबा ने साफा पहनाकर एवं पुष्प वर्ष कर सभी समर्थकों ने महन्त प्रताप दास का स्मरण कर उनके कराये विकष एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी युवा नेता पावन कौन्तेय उत्तमशर्मा उद्योगपति आनंद अग्रवाल ,विष्णु अग्रवाल ने सुभाष अग्रवाल भगवानदास संजय सुनारी गजेन्द्र धनागड ,रोकी जाटव ,कि केशव सहायपुर, आशीष सैन और हर्ष गोयल जगदीश गोयल गजेंद्र राना आदि प्रमुख थे। इस मौके पर दर्शनार्थी महिला पुरूषों ने भाजपा नेता अरविंद पाल सिंह से कहा कि मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। मंदिर में कुछ लोगों ने सोसायटी बनाकर प्रत्येक शनिवार शनिदेव पर चढने वाले तेल को बाजारें में बेचा जाता है चढाये गये पैसे का लेखा जोखा यही कमेटी के लोग करते है किसी को यह नही बताते कि कितना पैसा हर शनिवार को आता कितना तेल बिकता है।

## विधायक डॉ. गर्ग ने बीडीए के आयुक्त, अध्यक्ष व अधिशाषी अभियन्ता से की वार्ता

120 फीट की जगह 70 से 75 फीट तक रखी जाये सड़क की चौड़ाई

### व्यापारियों में बन रहे भय के माहौल को किया जाये खत्म - विधायक डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** रेडक्रॉस सर्किल से रेल्वे स्टेशन तक सड़क चौडाईकरण के लिये भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सड़क को 120 फीट तक चौड़ा करने के लिये दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये गये निशानों से व्यापारियों व दुकानदारों में पैदा हो रहे भय के माहौल को कम करने के लिये व्यापारियों के साथ सामंजय बनाकर विकास को गति देने तथा अधिकतम 70 से 75 फीट तक ही सडक की चौडाई रखने पर जोर देते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने बीडीए के आयुक्तए अध्यक्ष तथा अधिशाषी अभियन्ता से वार्ता कर कहा कि जो निशानों की वजह से व्यापारियों में घबराहट हो रही है उसे दूर किया जाये। भय की वजह से व्यापारियों ने आज (शुक्रवार) रेडक्रॉस सर्किल से रेल्वे स्टेशन तक बाजार को बंद रखा है। व्यापारियों की इस समस्या का समाधान निकालकर उन्हें राहत दी जाये।

डॉ. गर्ग ने वार्ता के दौरान कहा कि व्यापारियों व दुकानदारों के पास यूआईटी द्वारा जारी किये गये पट्टे हैं। मूल मास्टर प्लान एवं जोनल प्लान में काफी अन्तर है। जो बिना मौका मायना किये हुये बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की सडक को 70 से 75 फीट चौडा किया जायेए जो पर्याप्त है अगर 120 फीट सडक को चौडा किया जाता है तो अधिकांश दुकाने खत्म हो जायेगी। व्यापारियों का व्यापार चौपट हो जायेगा और दुकानदारों सहित दुकानों से जुडे अन्य कर्मचारी भी बेरोजगार हो जायेंगे तथा कई परिवार इससे प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि सडक चौडाईकरण के कार्य से पहले व्यापारियों के साथ इस समस्या के समाधान को लेकर बैठक की जाये और ऐसा प्लान तैयार किया जाये जिसमें सडक भी चौडी हो जाये और व्यापारियों को किसी तरह का नुकसान न हो।

विधायक डॉ. गर्ग ने बीडीए के आयुक्तए अध्यक्ष तथा अधिशाषी अभियन्ता से वार्ताकर कहा कि रेडक्रॉस सर्किल से रेल्वे स्टेशन तक के व्यापारी उनके प्रतिष्ठानों पर लगे निशानों से परेशान हो रहे हैं और उनमें भय का माहौल बन गया है। जिस पर बीडीए के अधिकारियों ने डॉ. गर्ग को बताया कि लगाये गये निशानों से व्यापारी परेशान न होए जिसे भी इन निशानों से आपत्ति है , वह व्यापारी भूमि सम्बन्धित दस्तवेजों के साथ बीडीए अधिकारियों से मिलेए जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

# जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित

## पीएमएसएमए व कायाकल्प कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं और चिकित्सकों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान व कायाकल्प कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं और चिकित्सकों का सम्मान किया। आयोजित सम्मान समारोह में कायाकल्प कार्यक्रम में जिले की 14 संस्थाओ को सम्मानित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उल्लेखनीय सेवाऐं देने पर चिकित्सा संस्थाओं और चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। आरसीएचओ डॉ अमर सिंह सैनी एवं डिप्टी सीएमएचओं डॉ असित श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गौरव कपूर ने सभी विजिताओ को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रदेश में जिले के स्वास्थ्य विभाग का कार्य हमेशा ही बेहतर रहता है। यह स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की मेहनत का नतीजा है। डॉ अमर सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाता है, ताकि प्रसव के दौरान उनको किसी प्रकार की जोखिम का सामना नहीं करना पडे।

साथ ही जोखिम वाली महिलाओं का चयन भी किया जाता है ताकि उनका प्रसव उच्च संस्थान में करवा जा सके। उन्होंने बताया कि अधिकतम लाभार्थियों को लाभान्वित करने वाले, अधिकतम द्वितीय, तृतीय एएनसी सेवाएं, अधिकतम तीन व तीन से अधिक एएनसी सेवाएं देने वाले और अधिकतम उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण करने वाले, सर्वाधिक परिवार नियोजन परामर्श देने वाले, सर्वाधिक एचआईवी की जांच करने वाले, सरकारी संस्थानों का चयन किया गया।




### ये हुए सम्मानित

**अधिकतम एएनसी रजिस्ट्रेशन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आनन्द नगर, तिलक नगर, पुष्पवाटिका, 12 सप्ताह एएनसी में एसडीएच बयाना, रूपवास एवं जिला अस्पताल नदबई, चार एएनसी सेवायें में यूपीएचसी अटलबंध, सीएचसी भुसावर एवं पीएचसी जघीना तथा अधिकतम उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण में पीएचसी भदीरा, पहरसर एवं सिंघाडा, अधिकतक सोनोग्राफी राजकीय क्षेत्र में एसडीएच वैर, सीएचसी झीलका वाडा, एवं सेवर तथा निजी क्षेत्र में गीतांजलि हॉस्पीटल बयाना, ऋग्वेद हॉस्पीटल भरतपुर, एवं श्रीराम हॉस्पीटल बयाना, पीएनसी फालोअप में सीएचसी उच्चौन, रूदावल एवं पीएचसी बांसीकला स्मृति चिन्ह एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कायाकल्प कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली चिकित्सा संस्थानों में पीएचसी बांसी विरहना, धरसौनी, बाछैन, पीपला, अलीपुर, सरसैना तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र दाहिना गांव, महलपुरचूरा, अटारी, अरौदा, विलौंठ, मिलस्वा, दौरदा एवं नरहरपुर को स्मृति चिन्ह एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

## सूना घर देख चोरों ने बोला धावा

### नाइट ड्यूटी पर गई महिला के मकान से नकदी-जेवरात पार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** शहर के नंद नगर क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी व चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार नंद नगर गली नंबर 02 में रहने वाली पार्वती देवी के मकान में अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे और कमरे का ताला तोड़कर घर में घुस गए और करीब 60 हजार रुपये नकद तथा चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गए बताया जा रहा है कि घटना के समय पार्वती देवी नाइट ड्यूटी के लिए अमृत कौर हॉस्पिटल में तैनात थीं। सुबह ड्यूटी से घर लौटने पर उन्हें मकान के ताले टूटे हुए मिले, जिस पर चोरी की वारदात का पता चला। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों पर सख्ती, 15 मार्च के बाद चलेगा विशेष अभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भार वाहनों का टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। इसके बाद परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से टैक्स बकाया रखने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

विभाग के अनुसार प्रमुख मार्गों पर 24 घंटे चैकिंग के लिए उड़नदस्तों को तैनात किया जाएगा और सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। जांच के दौरान जिन वाहनों का टैक्स जमा नहीं पाया जाएगा, उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। जब्त किए गए वाहनों से देय कर के साथ शास्ति भी वसूली जाएगी, जो वाहन के कर के बराबर तक हो सकती है।

परिवहन विभाग ने सभी भार वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे 15 मार्च से पहले अपने वाहनों का देय कर जमा करा दें, ताकि जांच अभियान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा बकाया कर वाले वाहनों को चिन्हित किया जा चुका है तथा संबंधित वाहन स्वामियों को पहले ही नोटिस जारी कर सूचना दी जा चुकी है।

विभाग ने चेतावनी दी है कि टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी) के निलंबन की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। साथ ही बकाया कर की वसूली के लिए वाहन स्वामियों के अन्य वाहनों अथवा अचल संपत्तियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें भी जब्त करने की कार्रवाई की जा सकती है।

## जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से बचें : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता होने की जानकारी देते हुए आमजन से अपील की है कि गैस को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक पैनिक बुकिंग और भंडारण से बचें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है और वर्तमान में किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन गैस रिफिल से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 112, 181 और 14435 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार बुकिंग सुनिश्चित की जाए और केवल वास्तविक पंजीकृत उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की जाए। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। जिला कलेक्टर ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला सतर्कता यूनिट का गठन किया गया है। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आवश्यक सेवाओं जैसे स्कूल, अस्पताल, ट्रस्ट और जेल के लिए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## दशा माता पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी के अवसर पर दशा माता का पर्व निंबाहेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। प्रातःकाल से ही श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पीपल वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। उन्होंने पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चे सूत का धागा लपेटते हुए विधिवत पूजन किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, मेहंदी और हल्दी अर्पित की तथा चुनरी ओढ़ाकर आटे व हल्दी से बने सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। पूजन के पश्चात महिलाओं ने आरती कर चावल-लापसी का भोग लगाया और नारियल अर्पित किया। इसके साथ ही गले में शुभता का प्रतीक धागा धारण कर नल-दमयंती की कथा का श्रवण किया। नगर के माहेश्वरी मोहल्ला, नया बाजार, कमल चौक, आदर्श कॉलोनी, जिला चिकित्सालय परिसर, पेच तलाई और महेश नगर क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की।

# दिल्ली में तरुण खटीक की हुई निर्मम हत्या के विरोध में सर्व हिंदू एवं खटीक समाज ने वाहन रैली एवं ज्ञापन सौंपकर जताया आक्रोश

## ज्ञापन में दोषियों को फांसी, पीड़ित परिवार की सुरक्षा एवं 1 करोड़ मुआवजा की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** दिल्ली में हुई तरुण खटीक की मॉब लॉचिंग हत्या की घटना में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा एवं उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर सर्व हिन्दू एवं खटीक समाज द्वारा शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया।

जानकारी अनुसार दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में तरुण खटीक की मॉब लॉचिंग हमले में तलवार लकड़ी एवं पत्थर से हत्या की गयी। उक्त घटनाक्रम में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही तथा पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा एवं उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर क्षैत्र के सर्व हिंदू एवं खटीक समाज द्वारा उपखंड कार्यालय कपासन पर पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे बताया कि होली पर 7 वर्षीय मासूम बालिका द्वारा रंग का गुब्बारा छत से नीचे गिरने से मुस्लिम महिला के छींटे लग गये। जिससे कई जिहादियों द्वारा पीड़ित परिवार से मारपीट की तथा रात्रि में तरुण खटीक के घर पर आने पर मॉब लॉचिंग हमला किया।जिसमे तरुण खटीक की हत्या हो गयी।




गौरतलब है कि दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या होने के क्रूर घटनाक्रम से सम्पूर्ण देशभर तथा हिंदू एवं खटीक समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

इस ज्ञापन के माध्यम से कपासन क्षैत्र के सर्व हिंदू समाज द्वारा भारत सरकार से अपराधियों के खिलाफ फास्ट्रेक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी दिलाने, पीड़ित परिवार की पर्याप्त सुरक्षा सहित पीड़ित परिवार को एक करोड़ का आर्थिक मुआवजा एवं किसी एक परिजन को को नौकरी दिये जाने की मांग की गयी है।

यहां सर्व हिंदू एवं खटीक समाज के संयोजन में नगर के बस स्टैंड स्थित शिवाजी चौक से दुपहिया वाहनों पर नारेबाजी के साथ रैली निकाली गयी। जो नगर के मुख्य मार्ग से उपखंड कार्यालय कपासन पहुंची तथा ज्ञापन का वाचन कर पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर खटीक समाज मेवाड़ अध्यक्ष शांतिलाल खटीक,जिला उपाध्यक्ष भागीरथ चंदेल,विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा,मुकेश जागेटिया,रामद्वारा के स्वामी रामदयाल महाराज, हजारीलाल खटीक,नारायण खींची,उदयलाल सामरिया,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय,विकास बारेगामा,शंकर बारेगामा, नंदकिशोर टेलर,शंभू बागड़ा,गोपाल पुर्बीया,गौरव दाधीच,मनोज आचार्य,राकेश आचार्य,मदन कुमावत, ,बादशाह सिंह राधेश्याम वैष्णव सहित सैकड़ो सनातनी उपस्थित रहे।

# झालावाड़ मेडिकल में जन्मजात दुर्लभ दो भागों में बटी रीड की हड्डी का सफल ऑपरेशन

## झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग ने 3 साल के बच्चे की दो भागों में बटी रीड की हड्डी का ऑपरेशन करके नए आयाम स्थापित किया

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** भवानी मंडी का रहने वाला 3 वर्षीय दिव्यांश की रीड की हड्डी जन्म से टेढ़ी-मेढ़ी होने के साथ ही दो भागों में बटी हुई थी जिसे उसके माता-पिता को जन्म से ही पता था। उसके लिए उन्होंने कोटा तथा जयपुर के कई नामी डॉक्टर को दिखाया लेकिन सामाजिक कुरीतियों के चलते ऑपरेशन करवाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए और 3 साल निकल गए जिससे कमर और टेढ़ी हो गई लेकिन फिर उन्होंने झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रामसेवक योगी को दिखाया और बीमारी के बारे में तथा बीमारी का उपचार नहीं करवाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में समझाने पर परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए। 6 घंटे जटिल ऑपरेशन कर दिव्यांश को दो भागों में बाटी रीड की हड्डी तथा स्पाइनल कॉर्ड को जोड़कर एक में बनाया और ऑपरेशन सफल रहा।

दो रामसेवक योगी के अनुसार इस तरह के डबल कोड सिंड्रोम डिस्कोमाटोमीस लिया टाइप 1 बहुत ही रेयर 1000 में से दो नवजात में जन्मजात होते हैं और इलाज के अभाव में ऐसे बच्चों को दोनों पैरों से अपंग हो जाते हैं। इस बीमारी का इलाज सिर्फ ऑपरेशन है परंतु ऑपरेशन अत्यंत जटिल होने के कारण कई बच्चों के माता-पिता ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं होते हैं इस तरह के ऑपरेशन में ऑपरेशन





के दौरान नव मॉनिटरिंग की जरूरत होती है जो सुविधा बहुत कम अस्पतालों में होती है जिसके कारण इस तरह के ऑपरेशन बड़े शहरों में ही संभव है लेकिन झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में सीमित संसाधनों के चलते भी टीमवर्क से इस तरह के ऑपरेशन संभव हो पाते हैं।

ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर रामसेवक योगी विभाग अध्यक्ष न्यूरो सर्जरी तथा डॉक्टर राजन नंदा विभाग अध्यक्ष एनेस्थीसिया के टीम के साथ-सा द सर्जिकल आईसीयू तथा ओटी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा डॉक्टर राम अवतार मालव डॉक्टर संजीव चोपड़ा,डॉक्टर ज्योति काबरा,डॉक्टर साहिल राजा अंसारी,डॉक्टर अल्तमस खान,डॉक्टर असद,स्टाफ कीर्ति मित्तल,कन्हैया तथा मुकेश सांवरिया का योगदान रहा।

दो रामसेवक योगी के अनुसार इस तरह के रीड की हड्डी की बीमारियां सोनोग्राफी की सहायता से जब बच्चा मां के पेट में होता है तभी मालूम पड़ जाता है और जन्म के बाद यदि किसी बच्चे की कमर टेढ़ी मेढी है तथा चलने फिरने में लेट होता है या उसके पैरों की चलने की गति कम होती है तो ऐसे बच्चों को जल्द से जल्द किसी न्यूरो सर्जन को दिखाएं और उचित इलाज करवा कर बच्चों को अपंग होने से बचाया जा सकता है ।

## नगर परिषद निंबाहेड़ा में एक दिवसीय आवास मेला आयोजित, 5 लाभार्थियों को फ्लैट का कब्जा पत्र सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** नगरीय विकास विभाग के संदर्भित आदेशानुसार ब्याज एवं पेनल्टी में छूट के अवसर पर नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा एक दिवसीय आवास मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को फ्लैट के कब्जा पत्र तथा 2 लाभार्थियों को आवंटन पत्र प्रदान किए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवास के लिए ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर लाभार्थी परिवारों के परिजन भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने घर का सपना साकार होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से अनेक परिवारों को घर का सपना साकार करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ब्याज एवं पेनल्टी में छूट जैसे निर्णय आमजन को राहत देने के लिए लिए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग योजना का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, जिला उपाध्यक्ष ओंकारलाल धाकड़, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, पूर्वी मंडल भाजयुमो महामंत्री सोनू झंवर, रवि जाट, पूरण पुरबिया एवं मुकेश बम उपस्थित रहे। नगर परिषद निंबाहेड़ा की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी कपिल जुनेजा, सुरेश धोबी, पुष्पेंद्र सिंह, रामेश्वरलाल मीणा एवं पर्वत सिंह ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन किया। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के डवलपर की ओर से योगेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे।

## विधायक कोठारी ने फूड टेस्टिंग लैब को लेकर सरकार से मांगी जानकारी

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने सरकार से भीलवाड़ा में फूड टेस्टिंग लैब शुरू करने के संबंध में जानकारी मांगी है । उन्होंने इस संबंध में प्रश्न के माध्यम से भीलवाड़ा में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए प्रस्तावित फूड टेस्टिंग लैब के संबंध में सरकार से विस्तृत विवरण भी मांगा। विधायक कोठारी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से जानकारी चाही की भीलवाड़ा जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब भवन का निर्माण कराया गया है। भवन निर्माण के बाद भी लैब का संचालन अब तक शुरू नहीं हुआ है तो इसके पीछे क्या कारण हैं। साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या राज्य सरकार द्वारा फूड टेस्टिंग लैब के लिए करोड़ों रुपये के उपकरण खरीदे गए हैं। यदि हां, तो किन-किन जिलों के लिए कितनी राशि के उपकरण खरीदे गए हैं, इसका भी विवरण दिया जाए। कोठारी ने वर्तमान में फूड टेस्टिंग से जुड़े लंबित प्रकरणों की संख्या तथा भीलवाड़ा जिले से संबंधित मामलों की जानकारी भी मांगी है। इसके अलावा उन्होंने यह भी पूछा कि क्या शाकाहारी खाद्य सामग्री के साथ-साथ मांसाहारी खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी भीलवाड़ा में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने की योजना है और यदि हां तो इसे कब तक शुरू किया जाएगा।

## ओरण-गोचर भूमि बचाने के लिए पदयात्रा का खरवा में स्वागत

### तनोट माता से जयपुर तक निकली 'ओरण बचाओ यात्रा', विधानसभा घेराव की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर ओरण, तालाब और गोचर भूमि को सुरक्षित करने की मांग को लेकर तनोट माता जैसलमेर से जयपुर तक निकाली जा रही 'ओरण बचाओ यात्रा' शुक्रवार को खरवा पहुंची, जहां कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व सुमेर सिंह भाटी और भोपाल सिंह झलोडा कर रहे हैं, जिनके साथ करीब 50 सदस्यों की टीम पदयात्रा में शामिल है यात्रा के दौरान सुमेर सिंह भाटी ने कहा कि जैसलमेर की ओरण,



तालाब और गोचर भूमि को सुरक्षित रखने तथा उन्हें राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग को लेकर जयपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा को 50 दिन हो चुके हैं, लेकिन सरकार अभी तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी ने कहा कि जैसलमेर क्षेत्र की पुश्तैनी जमीनें छीनकर उन्हें पूंजीपतियों को सौंपने की कोशिश की जा रही है, जिसके विरोध में ग्रामीण तनोट माता से जयपुर तक पदयात्रा कर रहे हैं इस अवसर पर जालोर जिला सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, ब्यावर जिला यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार, शहर अध्यक्ष डॉ. अरविंद माथुर, सेवादल उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, रामस्वरूप डागर तथा युवा नेता टीकम सिंह खरवा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर से की मुलाकात, बाजारों के पुनर्निर्माण में तेजी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर शहर के मुख्य बाजारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर तोड़े गए निर्माण के बाद वहां जल्द और सुव्यवस्थित पुनर्निर्माण करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कई बाजारों में दुकानों के बाहर के निर्माण तोड़ दिए गए हैं, जिससे व्यापारियों का दैनिक कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू करवाने का आग्रह किया।

**बाजारों में शीघ्र मरम्मत व पुनर्निर्माण की मांग**-मेवाड़ा ने कहा कि



जिस तेजी से नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है, उसी गति से प्रभावित स्थानों पर मरम्मत और सुव्यवस्थित पुनर्निर्माण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में नवरात्रि, शादी-ब्याह और आखा तीज जैसे बड़े पर्व आने वाले हैं, जिनके चलते बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में बाजारों को जल्द उनके मूल स्वरूप में बहाल करना आवश्यक है।

**कलक्टर ने दिया जल्द कार्य पूर्ण करने का आश्वासन**-इस पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि शहर के बाजारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए मार्च माह में ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आवासीय क्षेत्रों में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाएगी और जहां जलभराव की समस्या अधिक है, उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, जिला मंत्री आरती कोगटा, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, बीएलए वन मुकेश चेचाणी, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, पंकज क्षोत्रिय, पुनीत प्रताप सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसी बस जलकर खाक, सो रहे पैसेंजर की मौत, 7 झुलसे

## जैसलमेर से अहमदाबाद जा रही थी



बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** जैसलमेर से अहमदाबाद जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस में आग लग गई। हादसे में 8 लोग बुरी तरह झुलस गए। इनमें से एक युवक की पालनपुर (गुजरात) में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा बनासकांठा (गुजरात) जिले के धानेरा में शुक्रवार तड़के 3:30 बजे हुआ। पैसेंजर्स ने बताया कि कुछ मिनटों में पूरी बस जलकर खाक हो गई। आग में फंसे पैसेंजर्स ने इमरजेंसी गेट से बाहर कूदकर जान बचाई। सभी घायलों को धानेरा के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया।

**एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग**-स्वागत ट्रैवल्स की यह बस जैसलमेर के नाचना से अहमदाबाद के बीच ऑपरेट होती थी। नाचना से बस गुरुवार शाम 6:30 बजे निकली थी। गुजरात बॉर्डर में एंट्री करते ही बस में अचानक धुआं भर गया और आग लग गई। आशंका है कि एयर कंडीशन में शॉर्ट सर्किट से बस में आग लगी। हालांकि, पुलिस ने अब तक आग के कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी से हाथापाई

## ई-रिक्शा ड्राइवर और महिला ने की धक्का-मुक्की; चालान बनाने पर मोबाइल छीनकर तोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में ट्रैफिक पुलिसकर्मी से हाथापाई करने का मामला सामने आया है। रॉन्ग साइड आए ई-रिक्शा को रोकने पर ड्राइवर और महिला ने पुलिसकर्मी के साथ धक्का-मुक्की की। चालान बनाने से रोकने के लिए मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। संजय सर्किल थाने में पीड़ित पुलिस कॉन्स्टेबल ने राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज करवाया है। एएसआई करण सिंह ने बताया कि बहरोड कोटपुतली निवासी रामवतार (36) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह जयपुर कमिश्नरेट की ट्रैफिक ब्रांच में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है। संजय सर्किल पर चांदपोल बाहर साइड में रामवतार की ट्रैफिक ड्यूटी लगी हुई थी। सुबह करीब 11:15 बजे एक ई-रिक्शा चांदपोल बाजार से रॉन्ग साइड से आया। जिसको रोक कर मोबाइल से चालान करना चाहा। ई-रिक्शा ड्राइवर और उसमें बैठी महिला उतरकर मोबाइल छीनकर रोड पर फेंक कर तोड़ दिया। चालान बनाने से रोकने के लिए मोबाइल तोड़ने के साथ धक्का-मुक्की कर हाथापाई पर उतर गए। भीड़ इकट्ठा होने के दौरान ई-रिक्शे में बैठकर ड्राइवर व महिला फरार हो गए। संजय सर्किल थाने में ई-रिक्शा ड्राइवर व महिला के खिलाफ राजकार्य में बाधा की गुरुवार दोपहर स्नद्धक्र दर्ज करवाई गई।

# बानसूर के सीआरपीएफ जवान का छत्तीसगढ़ में निधन

## हार्ट अटैक से हुई मोहर सिंह गुर्जर की मौत
## आज पैतृक गांव मोरोड़ी पहुंचेगा पार्थिव शरीर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर।** बानसूर के मोरोड़ी गांव निवासी सीआरपीएफ सब-इंस्पेक्टर मोहर सिंह गुर्जर (55) का छत्तीसगढ़ में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की 196 यूनिट में तैनात थे। उनका पार्थिव शरीर शनिवार दोपहर तक उनके पैतृक गांव मोरोड़ी पहुंचने की संभावना है, जहां उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मोहर सिंह गुर्जर पुत्र मूलाराम गुर्जर का निधन गुरुवार देर शाम हुआ। उनकी यूनिट में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वे 8 मार्च को लगभग 20 दिन की छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे। पूर्व सरपंच धर्मवीर रावत ने बताया- मोहर सिंह के दो बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। उनका छोटा बेटा भी सेना में है, जबकि बड़ा बेटा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उनके साथी कॉन्स्टेबल जयदीप यादव निवासी सैद अलीपुर नागल चौधरी ने बताया- 8 मार्च को मोहर सिंह गुर्जर और वह साथ ही ड्यूटी पर गए थे। उनकी कंपनी हेड क्वाटर है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की देर शाम को मोहर सिंह गुर्जर की हार्ट अटैक से निधन हो गया।

# पूर्व-आईएएस सुबोध अग्रवाल समेत 4 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

## आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दे रही टीमें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोर्ट ने जेजेएम घोटाले में फरार 4 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी टीमें उनके ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसीबी ने बताया- जेजेएम प्रकरण में एसीबी कोर्ट संख्या-1 की ओर से साल-2024 में दर्ज केस में शुक्रवार को आदेश जारी किए गए हैं। इसमें आरोपी पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल, जीतेंद्र शर्मा, संजीव गुप्ता और मुकेश गोयल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। कोर्ट के आदेशों पर एसीबी की ओर से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एसीबी की टीमें आरोपियों के संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तारी वारंट की तामील नहीं हो पाने पर आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

# आरटीओ की गाड़ी की टक्कर से घायल युवक की मौत

**जयपुर।** जयपुर में रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के दस्ते की गाड़ी की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गई। युवक का एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा था। हादसे के पांच दिन बाद घायल गौतम मीणा (27) ने स्नस्र हॉस्पिटल में शुक्रवार को दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी के बाहर परिजन शुक्रवार सुबह से धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे परिजनों ने आरटीओ-सेकेंड उड़नदस्ते की इंस्पेक्टर शकीला बानो को तत्काल सस्पेंड करने और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपए देने की मांग की। परिजनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी, तब तक धरना जारी रहेगा। पत्नी और दो छोटे बच्चों का सहारा था गौतम मृतक गौतम मीणा प्राइवेट जॉब करता था। बताया जा रहा है कि वहङ्क्यद्ध (विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया) में काम करता था। गौतम के परिवार में उसकी पत्नी मीनाक्षी मीणा, तीन साल का बेटा आदी और छह साल का बेटा लक्ष्य हैं।

# जयपुर में कांग्रेस ने गैस सिलेंडर की निकाली शवयात्रा

## शहर अध्यक्ष ने अर्थी को दिया कंधा, राम नाम सत्य है सिलेंडर बोलो मस्त है के लगाए नारे

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर।** जयपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई, जिसमें शहर अध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेताओं ने अर्थी को कंधा देकर 'राम नाम सत्य है, सिलेंडर बोलो मस्त है' जैसे नारे लगाए।

कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में गैस सिलेंडर के साथ-साथ बीजेपी नेता भी गायब हैं। उन्होंने ऑटो चालकों और गरीब परिवारों को राहत देने के लिए सरकार से अतिरिक्त फंड जारी करने की मांग की। देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर के चांदपोल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। इसके बाद कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार का सांकेतिक पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चूल्हे पर खाना पकाकर जनता की परेशानी का सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

### जनता को भाजपा को सत्ता में लाने का मिल गया इनाम

इस दौरान कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जनता को भाजपा को सत्ता में लाने का इनाम मिल गया है। उन्होंने कहा कि घरों की रसोई से सिलेंडर गायब हो गया है और अब भाजपा के नेता भी गायब हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले गैस सिलेंडर महंगे किए गए और अब केरोसिन देने की बात कही जा रही है, लेकिन वह भी लोगों को नहीं मिल रहा।

### सुनील शर्मा बोले- एजेंसियों पर लग रही लंबी कतारें

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार एलपीजी संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। लोग गैस सिलेंडर की बुकिंग तक नहीं कर पा रहे हैं और बुकिंग नंबर लगातार व्यस्त रहता है। मजबूरी में लोगों को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के घरों की रसोई पर संकट खड़ा हो गया है और सरकार को तुरंत बढ़ी हुई गैस कीमतें वापस लेनी चाहिए।

### ऑटो चालकों और गरीबों के लिए फंड की मांग

खाचरियावास ने कहा कि जयपुर शहर में 10 हजार से ज्यादा ऑटो रिक्शा बंद हो गए हैं। सरकार को ऑटो चालकों के लिए अलग से फंड देना चाहिए। साथ ही जिन गरीब परिवारों के घरों में रोटी नहीं बन पा रही है, उनके लिए भी आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ गैस ही नहीं, बल्कि हवाई जहाज कंपनियों ने भी किराए बढ़ा दिए हैं, ऐसे में सरकार को टैक्स कम करना चाहिए।

### गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप

प्रदर्शन में विधायक रफीक खान और अमीन कागजी भी शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है और सरकार के नेता फोन करके सिलेंडर मंगवा रहे हैं, जबकि आम जनता परेशान हो रही है। उन्होंने सरकार से तुरंत व्यवस्था सुधारने और जनता को राहत देने की मांग की।

### लोगों को कंडे और लकड़ी के युग में ले जाना चाहती है बीजेपी

उन्होंने कहा- गैस किल्लत को लेकर केंद्र और राजस्थान की बीजेपी सरकार का फेलियर है। उन्होंने कहा- जनता के हित में कांग्रेस ने जयपुर से बिगुल बजाया है, या तो बीजेपी सरकार एलपीजी गैस उपलब्ध करवाएं नहीं तो जाने को तैयार रहे। उन्होंने केरोसिन उपलब्ध करवाने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि आज केरोसिन का विकल्प कह रहे है, कल कंडे का करेंगे, परसो लकड़ी का करेंगे। ये लोगों को लकड़ी और कंडे के युग में पहुंचाना चाहते है। जयपुर में कांग्रेस इसको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगी।

### कांग्रेस कार्यकार्ता बोले- सरकार गैस सिलेंडर कालाबाजारी को रोकने में नाकामयाब

कांग्रेसी कार्यकर्ता बोले- मोदी सरकार के राज में एक तरफ गैस के दामों में बढ़ोतरी हुई है . वहीं इस कठीन वक्त में भी सरकार कालाबाजारी को रोकने में नाकामयाब रही है। गैस की बुकिंग नहीं हो रही है। लोग परेशान है। अन्य कार्यकर्ता ने कहा- गैस नहीं मिलने के कारण मजबुरन लोगों को लकड़ी, कंडे पर निर्भर होना पड़ रहा है। हम सरकार से मांग करते है कि गैस सिलेंडरों की पूर्ती करें।

### सुनील शर्मा बोले- बीजेपी लोगों को कंडे और लकड़ी के युग में ले जाना चाहती है

जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने एलपीजी गैस सिलेंडर की अर्थी निकाली। इस दौरान सबसे आगे सुनील शर्मा ने अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान शर्मा राम नाम सत्य है। सिलेंडर बोलो मस्त है के नारे लगाते नजर आए। उन्होंने कहा- गैस किल्लत को लेकर केंद्र और राजस्थान की बीजेपी सरकार का फेलियर है। उन्होंने कहा- जनता के हित में कांग्रेस ने जयपुर से बिगुल बजाया है, या तो बीजेपी सरकार एलपीजी गैस उपलब्ध करवाएं नहीं तो जाने को तैयार रहे। उन्होंने केरोसिन उपलब्ध करवाने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि आज केरोसिन का विकल्प कह रहे है, कल कंडे का करेंगे, परसो लकड़ी का करेंगे। ये लोगों को लकड़ी और कंडे के युग में पहुंचाना चाहते है। जयपुर में कांग्रेस इसको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगी।

# पीएम बोले-कांग्रेस ने लगातार असम से झूठ बोला, किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा

## दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है। कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने चाय किसानें के लिए कहा... टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24,250 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10:45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।



### पीएम की स्पीच की 7 बड़ी बातें...

- सरकार ने यूपीआई के जरिए किसानों के खातों में सीधे पैसे भेजे। पैसे जमा होने का मैसेज किसानों के मोबाइल पर भी पहुंच गया। दुनिया के कई विकसित देशों में भी इतनी तेज व्यवस्था नहीं है।
- एनडीए सरकार के लिए किसानों का हित सबसे महत्वपूर्ण है। 2014 से पहले कांग्रेस सरकार के 10 साल में किसानों को करीब 6 .5 लाख करोड़ रुपए एमएसपी के रूप में मिले।
- एनडीए सरकार के समय में किसानों को 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा एमएसपी मिल चुका है। यूरिया के लिए सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा सब्सिडी दी है ताकि किसानों पर बोझ न पड़े।
- कांग्रेस ने किसानों और रिफाइनरी विकास के लिए ज्यादा काम नहीं किया। आज कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है।
- कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है। एक वादे के साथ चार झूठ गिफ्ट में देती है। वहीं, आपके सामने बीजेपी का सफल मॉडल है। 2003 में जब दिल्ली में एनडीए सरकार थी। अटल जी के नेतृत्व में सच्चाई और ईमानदारी से काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।
- कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने पिछले कुछ दशकों में भारी कठिनाइयों का सामना किया है। इसे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आज बोडोलैंड शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है। आज असम शांति और प्रगति का एक नया अध्याय लिख रहा है।
- आज मैं आपसे आग्रह करने आया हूं कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस को कड़ी से कड़ी सजा दीजिए। स्पष्ट संदेश दीजिए कि घुसपैठियों के लिए अमस में कोई जगह नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- क्या आप चाहते हैं हम पूरा देश चलाएं

## याचिका शॉपिंग मॉल जैसी; सड़कों, पुलों, बिजली तारों की देखभाल करने की मांग वाली अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (13 मार्च) को एक याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि क्या आप चाहते हैं कि हम पूरे देश को चलाएं। याचिका में देश में सड़कों, पुलों और बिजली की तारों आदि की ठीक से देखभाल करके जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह याचिका शॉपिंग मॉल जैसी है, जिसमें हर तरह की मांग रख दी गई है। पीठ ने कहा कि ऐसे व्यापक आदेश देना लगभग असंभव है, जब तक कि उठाए गए मुद्दे स्पष्ट और विशेष न हों। इसलिए हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे।

# एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

## वित्त मंत्री बोलीं- मुश्किल समय में साथ खड़े हों; मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का नोटिस

नई दिल्ली(बढ़ता राजस्थान)

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। लोकसभा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों ने संसद परिसर में एलपीजी संकट के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर, सूत्रों ने बताया कि टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।




### सीतारमण बोलीं- आर्थिक स्थिरीकरण कोष सरकार को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 1 लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष भारत को वित्तीय गुंजाइश देगा, जिससे वह वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि यह कोष एक बफर (सुरक्षा कवच) के रूप में काम करेगा, जो पश्चिम एशिया जैसी मौजूदा अप्रत्याशित वैश्विक चुनौतियों से पैदा होने वाले झटकों को झेलने में मदद करेगा। लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हित में एक साथ आना चाहिए। इस तरह से बात करनी चाहिए, जिससे जनता को भरोसा मिले और उनमें उम्मीद जगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं कि इस देश के नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि, विपक्ष का मानना है कि सदन के वेल में घुसकर नारे लगाना ही उनकी एकमात्र भूमिका है। यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और एक खेदजनक स्थिति को दर्शाता है। मुझे नहीं पता कि और क्या कहूं।

### सीतारमण बोलीं- विपक्ष सुनने को राजी नहीं है

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- यह विडंबना है कि जब मैं बता रही हूं कि सरकार सप्लाई चेन में रुकावटों और एलपीजी से जुड़ी समस्याओं समेत किसी भी अप्रत्याशित घटना का सामना करने के लिए कैसे तैयारी कर रही है, तब भी वे (विपक्ष) मेरा जवाब सुनने को तैयार नहीं हैं। वे अपना ही एजेंडा चलाना चाहते हैं। यही है हमारा विपक्ष।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंट सॉल्यूशंस, बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित तथा बी-10ए, सुदर्शनपुरा, बाइस गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादकः तनुजा पठान* । प्रधान संपादकः राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888) । फोनः 0141-2796794, 2796795 । ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)